राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्षः 11 अंकः 168 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, गुरूवार, 30 दिसम्बर 2021 मूल्यः 1.50/-

## खा़स ख़बर

### वीडियो में भगवान की आंखें खुलती, बंद होती दिखी

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें भगवान अयप्पा की मूर्ति की आंखे अभिषेक के दौरान कथित तौर पर खुलती और बंद होती हुई दिखी। वीडियो मणिकंदस्वामी मंदिर का है। मूर्ति को फूलों से सजाने के साथ बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार उस पर घी डाला और इसकी वीडियोग्राफी करने वालों ने देखा कि मूर्ति की आंखें खुल रही हैं और बंद हो रही हैं।

### तमिलनाडु के एक कॉलेज में घुसा तेंदुआ, दहशत

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में एक कॉलेज परिसर में बुधवार तड़के एक तेंदुआ घुस गया, जिससे इलाके के लोगों में दहशत फैल गई। तेंदुए ने वहां से जाने से पहले एक कुत्ते को मार डाला। पुलिस के मुताबिक कॉलेज के चौकीदार ने परिसर में तेंदुए को देखने के बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी। सौभाग्य से, त्योहारी सीजन होने के कारण कॉलेज बंद था और आसपास वहां कोई मौजूद नहीं था।

### पंजाब-हरियाणा के कई हिस्सों में अत्यधिक सर्दी

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा के कई स्थानों पर बुधवार को अत्यधिक ठंड पड़ी जहां न्यूनतम तापमान सामान्य सीमा से काफी कम चल गया। पंजाब में मोगा सबसे सर्द जगह रही जहां न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां मौसम विभाग के मुताबिक अमृतसर, बठिंडा, फरीदकोट और फिरोजपुर में न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब, बरनाला, जालंधर, गुरदासपुर और पठानकोट जैसी जगहों पर भी अत्यधिक ठंड महसूस की गई जहां न्यूनतम तापमान क्रमशः 2.7 डिग्री, 3.9 डिग्री, 3.3 डिग्री और 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लुधियाना में न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सेमी लॉकडाउन में भी बिना मास्क की निडरता



**गाजीपुर में कोरोना नियमों का उल्लंघन**

*रात्रि कालीन कर्फ्यू के बावजूद लोग बड़ी निडरता से बाजारों में बिना मास्क के घूम रहे हैं। राजधानी दिल्ली से सटे गाजीपुर में यूं उड़ाया जा रहा है मखौल।*

# ओमीक्रोन: देश में 800 के पार पहुंचा संक्रमितों का आंकड़ा

## देश में ओमीक्रोन के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही

■ नई दिल्ली

देश में ओमीक्रोन के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को राजस्थान में 23, पश्चिम बंगाल में पांच, ओडिशा और यूपी में एक-एक, तमिलनाडु में 11 और आंध्र प्रदेश में 10 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही देश में ओमिक्रोन के संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर आठ सौ के पार पहुंच गया है। कोरोना का यह वैरिएंट अब तक 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पहुंच गया है। दिल्ली में सबसे अधिक 238 मामले दर्ज किए गए हैं जबकि इसके बाद महाराष्ट्र का नंबर है जहां ओमिक्रोन के 167 मामले आए हैं।इस बीच दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का कहना है कि कई अंतरराष्ट्रीय यात्री जिनकी हवाई अड्डे पर जांच की गई थी और जिन लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई थी। ऐसे लोग कुछ दिनों के बाद संक्रमित पाए जा रहे हैं। यही नहीं इन लोगों के परिवार के सदस्य भी संक्रमित हो रहे हैं। देश में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के कारण ही मामले बढ़े हैं। जैन ने कहा कि अब जोखिम वाले देशों से आने वाले लोगों की जांच रिपोर्ट हवाई अड्डे पर निगेटिव आती है तो भी उनको एक हफ्ते के लिए होम क्वारंटीन के नियम का पालन करना होगा।

इस बीच सार्स कोव जीनोम कंसोर्टियम इंसाकाग का कहना है कि ओमिक्रोन के उच्च प्रतिरक्षा से बचने की क्षमता के समर्थन में स्पष्ट प्रयोगात्मक और क्लीनिकल आंकड़े हैं। हालांकि प्रारंभिक अनुमान बीमारी की गंभीरता को पिछली लहरों की तुलना में कम आंकते हैं। इंसाकाग ने यह भी कहा कि देश में ओमिक्रोन को लेकर अध्ययन किए जा रहे हैं।

यही नहीं मौजूदा वक्त में दुनिया के कई हिस्सों में कोरोना का डेल्टा वैरिएंट अभी भी वैरिएंट आफ कंसर्न बना हुआ है। हालांकि दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रोन ने संक्रमण के लिहाज से डेल्टा को पीछे छोड़ दिया है।

वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में एक दिन में कोरोना संक्रमण के 9,195 नए मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 3,48,08,886 हो गया है।

इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 77,002 हो गई है। यही नहीं बीते 24 घंटे में संक्रमण से 302 लोगों की मौत हो गई है जिससे महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,80,592 हो गई है। राहत की बात यह है कि देश में लगातार 62 दिन से कोरोना संक्रमण के दैनिक मामले 15 हजार से कम हैं।

### एक दिन में 302 लोगों की मौत

वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में एक दिन में कोरोना संक्रमण के 9,195 नए मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 3,48,08,886 हो गया है। इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 77,002 हो गई है। यही नहीं बीते 24 घंटे में संक्रमण से 302 लोगों की मौत हो गई है ।

### जीनोम कंसोर्टियम इंसाकाग ने किया आगाह

इस बीच सार्स कोव जीनोम कंसोर्टियम इंसाकाग का कहना है कि ओमिक्रोन के उच्च प्रतिरक्षा से बचने की क्षमता के समर्थन में स्पष्ट प्रयोगात्मक और क्लीनिकल आंकड़े हैं। हालांकि प्रारंभिक अनुमान बीमारी की गंभीरता को पिछली लहरों की तुलना में कम आंकते हैं। इंसाकाग ने यह भी कहा कि देश में ओमीक्रोन को लेकर अध्ययन किए जा रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के कारण मामले बढ़ेः जैन

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का कहना है कि कई अंतरराष्ट्रीय यात्री जिनकी हवाई अड्डे पर जांच की गई थी और जिन लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई थी। देश में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के कारण ही मामले बढ़े हैं। विदेशों से आने वाले लोगों की जांच रिपोर्ट हवाई अड्डे पर निगेटिव आती है तो भी उनको एक हफ्ते के लिए होम क्वारंटीन के नियम का पालन करना होगा।

## कोवोवैक्स टीका


# सरकार ने दी नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड को निर्यात की अनुमति

■ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित कोविड-19 रोधी टीके कोवोवैक्स की सात करोड़ खुराक नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को निर्यात करने की अनुमति दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) में निदेशक (सरकार और नियामक मामले) प्रकाश कुमार सिंह ने भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को एक आवेदन दिया था, जिसमें विदेशों में टीके की खुराक निर्यात करने के लिए अनापत्ति रिपोर्ट मांगी गई थी। सूत्रों ने कहा, मूल्यांकन के बाद डीसीजीआई कार्यालय ने कोवोवैक्स की सात करोड़ खुराक नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को निर्यात करने पर अनापत्ति रिपोर्ट दे दी। इन देशों में अभी तक इस टीके को मंजूरी नहीं मिली है।

भारत के औषधि नियामक, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मंगलवार को देश में कोवोवैक्स को आपात स्थिति में सीमित इस्तेमाल की मंजूरी दे दी। डीसीजीआई कार्यालय ने 17 मई को एसआईआई को कोवोवैक्स के निर्माण और भंडारण की अनुमति दी थी। डीसीजीआई की मंजूरी के आधार पर कंपनी ने अब तक टीके की खुराक का उत्पादन और भंडारण किया है।

### एसआईआई का कोवोवैक्स टीका नोवावैक्स यूएसए टीका का एक तकनीकी हस्तांतरण है



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 17 दिसंबर को कोवोवैक्स को आपातकालीन इस्तेमाल सूची में शामिल किया था, जिससे कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक स्वास्थ्य निकाय द्वारा मान्य टीके की संख्या में बढ़ोतरी हुई थी। अगस्त 2020 में अमेरिकी दवा कंपनी नोवावैक्स ने एसआईआई के साथ एनवीएक्स-कोव2373 टीका तैयार करने और विपणन के लिए एसआईआई के साथ समझौता किया था। एसआईआई का कोवोवैक्स टीका नोवावैक्स यूएसए टीका का एक तकनीकी हस्तांतरण है।

## बेटे के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध में नारायण राणे को नोटिस

एजेंसी ■ मुंबई

सिंधुदुर्ग पुलिस ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को नोटिस जारी कर कहा कि वह अपने बेटे नितेश राणे को हत्या के प्रयास के एक मामले में पेश करें। उक्त मामले में नितेश राणे और अन्य आरोपी के तौर पर नामजद हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में नारायण राणे को भी महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के कंकावली पुलिस थाने में बयान दर्ज कराने के लिए अपराह्न तीन बजे पेश होने को कहा गया था लेकिन वह उस समय पेश नहीं हुए जिसके बाद पुलिस ने यहां उनके आवास पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस के अनुसार, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 160 (1) के तहत मंत्री को नोटिस मिलने के बाद मामले से जुड़ी जानकारी पुलिस से साझा करना है। नोटिस में कहा गया है कि नारायण राणे के बेटे को प्राथमिकी में नामजद किया गया है और पुलिस के कई बार प्रयास करने के बावजूद नितेश का पता नहीं चल सका है। केंद्रीय मंत्री को जारी नोटिस में पुलिस ने उनके द्वारा दिए गए एक बयान का भी उल्लेख किया जो नारायण ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में दिया था। मंत्री ने कहा था कि वह पागल हैं क्या जो अपने बेटे का पता बता देंगे।

## जरा हट के... बग्गा




## सबको सतर्क रहने की जरूरत : शाह

एजेंसी ■ गांधी नगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे और सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करेंगे तब तक कोरोना वायरस महामारी को नियंत्रित नहीं किया जा सकता। गृह मंत्री ने 15-18 आयु वर्ग के किशोरों से भी अपील की कि वे तीन जनवरी से अपनी बारी आने पर जल्द से जल्द टीका लगवाएं। अपने लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में लगभग 50 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए शाह ने प्रशासन से कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सतर्क रहने को भी कहा। शाह ने कहा, स्वरूप में बदलाव के साथ कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इस बार हम सभी को चाहे नगर निगम हो, नगर पालिका हो, जिला पंचायत हो या राज्य सरकारें, सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ नियमित बैठक कर विभिन्न स्तरों पर स्थिति का जायजा ले रही है। शाह ने कहा, लेकिन जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे और राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए कोरोना वायरस दिशानिर्देशों का पालन नहीं करेंगे, हम इसके प्रसार को नियंत्रित नहीं कर सकते।



▶▶ स्वरूप में बदलाव के साथ कोरोना के मामले बढ़ रहे, सबको सतर्क रहने की जरूरत : शाह

## किस राज्य में कितने मामले

**राजस्थान में 23, तमिलनाडु में 11 आंध्र प्रदेश में 10 नए केस**

| | |
|---|---|
| दिल्ली- 238 | ओडिशा-9 |
| महाराष्ट्र- 167 | आंध्र प्रदेश-6 |
| गुजरात- 73 | उत्तराखंड-4 |
| केरल- 65 | चंडीगढ़-3 |
| तेलंगाना- 62 | जम्मू-कश्मीर-3 |
| राजस्थान- 68 | उत्तर प्रदेश-2 |
| कर्नाटक-34 | गोवा-1 |
| तमिलनाडु-45 | हिमाचल प्रदेश-1 |
| हरियाणा-12 | लद्दाख-1 |
| प. बंगाल-11 | मणिपुर-1 |
| मध्य प्रदेश-9 | |

## पीएम-किसान की 10वीं किस्त 01 जन. को

एजेंसी ■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए साल के पहले दिन एक जनवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपए के वित्तीय लाभ की 10वीं किस्त जारी करेंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री एक जनवरी को दोपहर 12.30 बजे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 10वीं किस्त जारी करेंगे और साथ ही करीब 351 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए 14 करोड़ रुपए से अधिक का इक्विटी ग्रांट भी जारी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे। पीएम-किसान योजना के तहत प्रति वर्ष 6,000 रुपए की राशि को 2000 रुपए की तीन मासिक किस्तों में प्रत्एक चौथे माह किसानों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित किया जाता है। मोदी ने इस योजना की औपचारिक रूप से शुरुआत 24 फरवरी, 2019 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक समारोह में की थी। इस योजना की शुरुआत देश भर के सभी खेतीहर किसानों के परिवारों को आय सहायता प्रदान करके किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था, ताकि उनकी कृषि और संबद्ध गतिविधियों के साथ-साथ घरेलू व्यय की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।



▶▶ 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपए का वित्तीय लाभ मिलेगा।

## पीएम स्वीकार करें कि नोटबंदी नाकाम रही: ओवैसी

एजेंसी ■ हैदराबाद

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पीएम मोदी की पहल नोटबंदी नाकाम हो गई है और यह उत्तर प्रदेश में एक व्यापारी के घर से भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी से स्पष्ट है। उत्तर प्रदेश में भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा,आपको प्रधानमंत्री से सवाल करना चाहिए कि (2016 में बड़े नोटों की) नोटबंदी के बावजूद इतनी नकदी कैसे मिली। प्रधानमंत्री जी, नोटबंदी विफल हो गई है।आयकर विभाग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा हाल ही में मारे गए छापों में कानपुर के इत्र व्यापारी पीयूष जैन के घर से लगभग 257 करोड़ रुपए नकद, 25 किलोग्राम सोना और 250 किलोग्राम चांदी जब्त की गई। ओवैसी ने मांग की कि सरकार को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि वह पैसा किसका है। खुशबू दुनिया भर में फैल रही है। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना चाहिए कि नोटबंदी एक विफलता थी क्योंकि उससे केवल गरीब लोगों और लघु उद्योगों को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा,"मैं प्रधानमंत्री से अपील कर रहा हूं कि आपको स्वीकार करना चाहिए कि नोटबंदी एक नाकामी है।

## मुंबई : नाबालिग के यौन उत्पीड़न के दोषी पादरी को उम्रकैद

**मुंबई।** उपनगरीय क्षेत्र दादर में 2015 में 13 साल के बच्चे का यौन उत्पीड़न करने के दोषी पादरी को विशेष अदालत ने बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश सीमा जाधव ने आरोपी पादरी जॉनसन लॉरेंस को यौन अपराध से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत दोषी पाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अगस्त से नवंबर 2015 के बीच पादरी ने दो बार नाबालिग बच्चे का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस को दिए गए बयान ने किशोर ने बताया कि वह 27 नवंबर, 2015 को अपने भाई के साथ दादर के शिवाजी नगर इलाके में स्थित चर्च गया था।

**कटाक्ष** 8000 करोड़ के हवाई जहाज और 20 करोड़ रुपए की कार में घूमते हैं पीएम

## प्रधानमंत्री की नई कार पर कांग्रेस ने साधा निशाना

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के चलते अर्थव्यवस्था पर हुए नकारात्मक प्रभावों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गाड़ियों के काफिले में शामिल करने के लिए मर्सिडीज की नई लक्जरी कार की खरीद किए जाने पर कांग्रेस ने बुधवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। प्रधानमंत्री द्वारा खुद को फकीर कहे जाने की याद दिलाते हुए कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि देश का हर व्यक्ति मोदी की तरह फकीर होना चाहता है जो 8000 करोड़ रुपए के हवाईजहाज और 20 करोड़ रुपए की कार में घूमते हैं और 2000 करोड़ रुपए एक घर बनाने पर खर्च करते हैं। ज्ञात हो कि विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) द्वारा प्रधानमंत्री के गाड़ियों के काफिले में मर्सिडीज-मेबैक एस 650 को शामिल किया गया है। सरकारी सूत्रों ने इसे नियमित बदलाव करार दिया और कहा कि कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने गाड़ी के उस मॉडल को बनाना बंद कर दिया है, जिसका प्रधानमंत्री द्वारा पहले इस्तेमाल किया जा रहा था। एसपीजी सुरक्षा के मुताबिक प्रधानमंत्री के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों को छह साल में बदलने का नियम है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सुरक्षा के मद्देनजर कौन सी गाड़ी का इस्तेमाल किया जाएगा, इसके बारे में प्रधानमंत्री ने कोई वरीयता तय नहीं की। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री से संबंधित पिछली कारों का इस्तेमाल आठ साल तक किया गया, जिस पर ऑडिट में आपत्ति जताई गई और टिप्पणी की गई कि यह सुरक्षा प्राप्त करने वाले के जीवन से समझौता करने जैसा है।



कार की कीमतें मीडिया में लगाई जा रहीं अटकलों से काफी काम हैं, असल में तो यह मीडिया में बताई जा रहीं कीमतों से एक तिहाई कम है।मीडिया के एक तबके में मेबैक कार की कीमत 12 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। हालांकि, कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने सात सालों में पांच कार बदल दी।

उन्होंने कहा, पिछले दो सालों में लोगों ने नौकरियां गवांई, उनके वेतन में कटौती हुई, व्यवसाय और व्यापार में नकारात्मक असर दिखा, लेकिन गाड़ियां बदलने की प्रधानमंत्री की रफ्तार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ...आप कार क्यों खरीद रहे हैं? वल्लभ ने कहा कि देश ने ऐसे प्रधानमंत्रियों को देखा है जिन्होंने लोगों की चिंता की, उन्होंने इस तरह हर दो वर्ष में कारें नहीं बदलीं। वर्ष 2014 में महिंद्रा स्कोर्पियो, वर्ष 2015 में बीएमडब्ल्यू सात सीरिज, वर्ष 2017 में टोयोटा लैंड क्रूजर, वर्ष 2019 में जगुआर रेंज रोवर वोग और वर्ष 2021 में मर्सिडीज मेबैक।

## सार समाचार

### जलियांवाला बाग कांड का बदला लेने की धमकी वाला वीडियो सामने आने पर स्कॉटलैंड यार्ड जांच में जुटी

लंदन। स्कॉटलैंड यार्ड ने उस मामले की जांच शुरू कर दी है, जिसमें सोशल मीडिया पर साझा किये गए एक वीडियो में चेहरे को पूरी तरह से नकाब से ढके और खुद को भारतीय सिख बताने वाला एक व्यक्ति 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ' 'हत्या' ' करने की धमकी देता नजर आ रहा है। कुछ दिन पहले ही महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के विंडसर कैसल के पास से एक घुसपैठिये को गिरफ्तार किया गया था। 'द सन' अखबार के अनुसार यह वीडियो स्नैपशॉट पर साझा किया गया है, जिसमें एक नकाबपोश व्यक्ति खुद को भारतीय सिख जसवंत सिंह चैल बताता है और घोषणा करता है कि जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए वह महारानी की हत्या करना चाहता है। इस बीच, 19 वर्षीय एक घुसपैठिये को उसके मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को लेकर पकड़ कर रखा गया है। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने उसका नाम अब तक नहीं बताया है। स्कॉटलैंड यार्ड के अधिकारी इस वीडियो की जांच कर रहे हैं, जिसका कथित रूप से संबंध क्रिसमस के दिन विंडसर कैसल से गिरफ्तार किये गये घुसपैठिये से बताया जाता है। उस घुसपैठिये के पास से एक हथियार मिला था। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य जांच के बाद गिरफ्तार संदिग्ध के विरुद्ध ब्रिटेन के मानसिक स्वास्थ्य कानून की धाराएं लगायी गयी हैं और वह ह्यचिकित्सकों की देखभाल' में है। वीडियो में नकाबपोश व्यक्ति कह रहा है, 'मैंने जो किया है और मैं जो करूंगा, उसको लेकर मैं दुखी हूं। मैंमहारानी एलिजाबेथ की हत्या करने का प्रयास करूंगा।' वह कह रहा है, 'यह उन लोगों के लिए बदला है, जो 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार में मारे गये थे। यह उन लोगों के लिए भी बदला है जो अपनी नस्ल के कारण मारे गये, अपमानित किये गये, भेदभाव का शिकार हुए। मैं एक भारतीय सिख हूं। मेरा नाम जसवंत सिंह चैल है, मेरा नाम डार्थ जोंस है।' अप्रैल, 1919 में बैसाखी के दिन अमृतसर के जालियंवाला बाग में नरसंहार हुआ था। कर्नल रेजीनाल्ड डायर के आदेश पर ब्रिटिश सैनिकों ने स्वतंत्रता समर्थक प्रदर्शन पर गोलियां चलायी थीं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे गये थे।

### अब अपराधियों की नहीं खैर, एआई मशीन कर लेगी पहचान और बता देगी सजा!

–चीनी कंपनी ने बनाई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पावर्ड प्रॉसेक्यूटर मशीन

बीचिंग। बढ़ते अपराधों को लेकर चीन की एक मशहूर तकनीक कंपनी ने दुनिया का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पावर्ड प्रॉसेक्यूटर तैयार कर लिया है। यह एक ऐसा मशीनी प्रॉसेक्यूटर है, जो तर्कों और बहस के आधार पर अपराधियों की पहचान करेगा और जज के सामने सजा की मांग करेगा। दावा किया जा रहा है कि ये 'मशीनी प्रॉसेक्यूटर' 97 फीसदी तक सही तथ्य रखता है। शंघाई पुडोंग पीपुल्स प्रोक्यूरेटोरेट ने इस मशीन का निर्माण किया है। इसे एआई प्रॉसेक्यूटर कहा जा रहा है। निमार्ता ने दावा किया कि इसका उपयोग अभियोजकों के वर्कलोड को कम करने में मदद कर सकता है। 'मशीनी प्रॉसेक्यूटर' का उपयोग डेस्कटॉप कंप्यूटर पर किया जा सकता है। इस सिस्टम में अरबों आइटम्स का डेटा स्टोर किया जा सकेगा, जिनका विश्लेषण करके ये अपना तर्क देने में सक्षम होगा। मोटे तौर पर ये 'मशीनी प्रॉसेक्यूटर' पुलिस और सरकारी वकील वाला काम करेगी। मतलब प्रॉसेक्यूटर डेटा के आधार पर कोर्ट में अपराधियों की पहचान कर जज के सामने सजा की मांग करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस एआई प्रॉसेक्यूटर को विकसित करने में साल 2015 से 2020 तक के हजारों लीगल केसेज का अध्ययन किया गया था। ये खतरनाक ड्राइवर्स, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, चोरी और जुए के मामलों का विश्लेषण करके अपराधियों की पहचान कर सकता है। हालांकि, इसको लेकर कुछ आशंका भी जताई जा रही है। एक चीनी प्रॉसेक्यूटर ने कहा कि 97 फीसदी सही फैसलों के बीच मशीन होने की वजह से हमेशा गलती होने की संभावना बनी रहेगी। प्रॉसेक्यूटर ने आगे कहा कि ऐसे में अगर कोई गलत फैसला हुआ तो जिम्मेदारी किसकी होगी? प्रॉसेक्यूटर, मशीन या फिर एल्गोरिथ्म के डिजाइनर? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मशीन गलती तो पकड़ सकती है, लेकिन इसे फैसला लेने के लिए इंसानों की जगह रखना सही नहीं होगा।

### कोरोना केस बढ़ने के बाद विभिन्न देशों में रद्द की गईं 11,500 उड़ानें

न्यूयॉर्क । कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन का कहर दिखना शुरू हो गया है। अमेरिका और ब्रिटेन समेत कई देशों में ओमिक्रॉन के खतरे के बीच कोरोना के मामलों में तेजी आई है। सरकारें कड़े प्रतिबंध लागू करने के लिए विवश हो गई हैं। यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के कई राज्यों में कोरोना के मामले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद कई उड़ानों को रद्द किया गया है। ये उड़ानें ऐसे समय रद्द हुई हैं, जब क्रिसमस के मौके पर दुनियाभर के सैलानी ट्रैवल पर निकलते हैं। उड़ानें रद्द होने से मुसाफिर निराश हैं। मौजूदा समय यात्रा के लिहाज से साल का सबसे व्यस्त समय है। शुक्रवार से करीब 11,500 उड़ानों को रद्द किया गया है जबकि हजारों उड़ानों में विलंब हुआ है। कई एयरलाइन कंपनियों का कहना है कि कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट के मामलों में तेजी के चलते स्टाफ की कमी हो गई है।

उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट के मुताबिक, इसका असर दुनियाभर में पड़ा है. सोमवार को करीब तीन हजार उड़ानों को रद्द किया है, जबकि मंगलवार को 1100 और फ्लाइटों को रद्द किया गया है. लोगों के जल्द काम पर लौटने और व्यापक पैमाने पर श्रमबल की कमी की आशंका को कम करते हुए यूएस सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने सोमवार को लक्षणविहीन कोरोना मामलों के लिए आइसोलेशन अवधि को 10 से घटाकर 5 दिन कर दिया है। अमेरिका में कोरोना के मामले जनवरी में रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंचने की ओर बढ़ रहे हैं। टीका नहीं लेने वालों की अच्छी खासी आबादी और तुरंत तथा आसान टेस्टिंग की कमी इस आशंका और बढ़ा रही है।

### पाक पहुंचा धर्म संसद में हेट स्पीच का मामला, भारतीय राजनयिक को तलब किया गया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने भारत के विदेश मंत्रालय के प्रभारी उच्चायुक्त को तलब कर हाल में हरिद्वार में आयोजित सम्मेलन में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा भड़काने के लिए दिए गए नफरत भरे भाषण पर चिंता जताई। ज्ञात हो कि हरिद्वार में 16 से 19 दिसंबर के बीच वेद निकेतन धाम में आयोजित धर्म संसद में वक्ताओं ने मुसलमानों के खिलाफ कथित तौर पर नफरत फैलाने वाले भाषण दिए थे।

इस कार्यक्रम का आयोजन गाजियाबाद में डासना मंदिर के पुरोहित यति नरसिंहानंद ने किया था। मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरे भाषणों और हिंसा को बढ़ावा देने के लिए पुलिस की पहले से ही नरसिंहानंद पर नजर है। इस कार्यक्रम में, कई वक्ताओं ने कथित तौर पर भड़काऊ और नफरत भरे भाषण दिए, इस दौरान कथित रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की हत्या का आह्वान किया गया था।

पाकिस्तान ने भारतीय पक्ष को बताया कि नागरिक समाज और देश के लोगों के एक वर्ग ने कथित घृणास्पद भाषणों को गंभीर चिंता के साथ देखा है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार भारत के लिए यह बहुत ही निंदनीय बात है कि न तो आयोजकों ने कोई खेद व्यक्त किया है और न ही भारत सरकार ने उनकी निंदा की है। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं की गई है। विदेश कार्यालय ने कहा कि मुसलमानों के खिलाफ हिंसा की लगातार घटनाओं ने 'इस्लाम को लेकर डर की बिगड़ती प्रवृत्ति' को उजागर किया है और भारत में मुसलमानों के भाग्य की एक गंभीर तस्वीर पेश की है।

विदेश कार्यालय ने कहा भारत से इन घृणास्पद भाषणों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ व्यापक हिंसा की घटनाओं की जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उपाय करने की उम्मीद है। विदेश कार्यालय ने कहा भारत से इन घृणास्पद भाषणों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ व्यापक हिंसा की घटनाओं की जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उपाय करने की उम्मीद की जाती है।



कैलीफोर्निया में बर्फबारी में फंसे हुए वाहन।

### स्टालिन के दमन का शिकार लोगों की सामूहिक कब्रों का खुलासा करने वाले की दमित्रीयेव की फिर बढ़ाई गई सजा

मास्को । रूस की एक अदालत ने स्टालिन के समय की दमन की छानबीन करने वाले एक सक्रियतावादी की कैद की सजा बढ़ा कर 15 साल कर दी है। यूरी दमित्रीयेव (65), स्टालिन के दमन में मारे गए लोगों की सामूहिक कब्र का खुलासा करने के बाद चर्चा में आए थे। उन्हें अपनी दत्तक पुत्री के यौन उत्पीड़न के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था, जिसे लोगों ने मनगढ़ंत और राजनीति से प्रेरित आरोप बताते हुए खारिज कर दिया था।

दमित्रीयेव पर बाल अश्लीलता, अश्लील हरकतें करने और अवैध हथियार रखने का आरोप लगाया गया था। उन्हें सन 2016 में बरी कर दिया गया था, लेकिन कुछ ही महीने बाद उसके खिलाफ मामले को दोबारा खोल दिया गया। जुलाई 2020 में उसे अदालत ने अपनी बेटी के यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी करार दिया और साढ़े तीन साल की कैद की सजा सुनाई गई, जिसे कई महीने बाद बढ़ा कर 13 साल कर दिया गया। वह जेल में पांच साल रह चुके हैं। सोमवार को, पेट्रोजावोदस्क अदालत ने एक बार फिर कैद की सजा बढ़ा कर 15 साल कर दिया है। दमित्री के वकील अदालत के इस फैसले के खिलाफ अपील करने की योजना बना रहे हैं।

## पाकिस्तान में कोरोना प्रभावितों को मिलने वाली राहत में हुआ घोटाला, इमरान खान सरकार पर लग रहे हैं घोटाले के आरोप

**नयी दिल्ली (एजेंसी)**

कंगाल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान कोरोना वायरस के वक्त में लोगों को दी जाने वाली मदद के नाम पर अपनी सरकार की जेब भर रहे हैं। दरअसल कोरोना महामारी को लेकर एक ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई है। जिसमें राहत के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है, रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितताओं के साथ-साथ लोगों के खाने के लिए अनुपयुक्त भोजन के विवरण की बात भी कही गई है।

कोरोना के लेकर जो ऑडिट रिपोर्ट तैयार की गई है वह बताती है कि पाकिस्तान सरकार द्वारा कोरोना महामारी के दौरान किए गए खर्च पर 5 जरूरी चीजें जिसमें चीनी,आटा, तेल, घी और चावल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सरकारी अनियमितता देखी गई है। न्यूज एजेंसी एनआई ने अल अरबिया की रिपोर्ट हवाले से कहा है कि, पाकिस्तान के सरकारी ऑडिटर जनरल ने बताया है कि, घोटाला महामारी के



प्रभाव से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे लोगों और स्वास्थय कर्मचारियों की सहायता करने के लिए पब्लिक के पैसों की चोरी का मामला है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह घोटाला काफी बड़ा हो सकता है। शायद इसीलिए इमरान खान सरकार ने सरकारी ऑडिट बॉडी को कागजात देने से मना कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह पाकिस्तानी पीएम का सबसे बड़ा घोटाला हो सकता है, रिपोर्ट में गलत खरीद, अयोग्य लाभार्थियों को पेमेंट, नकली बायोमैट्रिक्स के जरिये कैश निकासी और उपयोग में आने वाले सामानों के घटिया खरीद का खुलासा हुआ है।आपको बता दें कि, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी इमरान खान सरकार पर ऑडिट के लिए राहत पैकेज खर्च का खुलासा करने का दबाव बनाया है।

## नहीं पूरा हो पाया टीकाकरण का वैश्विक लक्ष्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

साल के अंत तक हर देश की 40 प्रतिशत आबादी को टीका दिलवाने का विश्व स्वास्थ्य संगठन का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाएगा. विशेष रूप से अफ्रीका में यह कमी गंभीर रहेगी.विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देशों में से आधे देशों में यह लक्ष्य पूरा नहीं हो पाएगा. करीब 40 देशों में तो 10 प्रतिशत लोगों को भी टीका नहीं लगा है. संगठन ने इसके लिए टीकों की जमाखोरी को सबसे बड़ा कारण बताया है और इसके पीछे विशेष रूप से मुट्ठी भर पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया है जो अभी से बूस्टर टीके भी दे रहे हैं. अभी तक दुनिया भर में टीकों की 8.6 अरब से भी ज्यादा खुराकें दी जा चुकी हैं. लेकिन इनमें से अधिकांश ऊंची आय वाले देशों में दी गई हैं.

इन देशों के पास इतने संसाधन थे कि उन्होंने टीके बनाने वाली कंपनियों के साथ खुद ही करार कर लिए. दर्जनों देश टीकों की सप्लाई के लिए कोवैक्स पर निर्भर हैं जो कि संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से बनाया गया टीकों को साझा करने का एक कार्यक्रम है. इसका उद्देश्य ही है कम आय वाले देशों में लोगों तक टीकों को पहुंचाना. कोवैक्स के जरिए पूरी दुनिया में टीकों की बराबर उपलब्धता का समर्थन नहीं करने के लिए समृद्ध देशों की काफी आलोचना हुई है. हालांकि हाल के हफ्तों में इस कार्यक्रम के जरिए टीकों को भेजा जाना फिर तेज हुआ है. दिसंबर के आखिरी हफ्ते तक कोवैक्स ने 72 करोड़ खुराकें इन देशों में पहुंचा दी थीं. लेकिन बाकी डाटा एक बेहद बुरी तस्वीर पेश करता है.

## फिलिस्तीनी इमाम ने मुस्लिम शासकों पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- समलैंगिकता की वजह से फैला कोरोना संक्रमण

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

कोरोना के नए वेरिएंट 'ओमीक्रोन' ने हाहाकार मचाया हुआ है। इसी बीच फिलिस्तीन के एक इस्लामिक इमाम शेख इस्साम अमीरा ने ओमीक्रोन को लेकर विवादित बयान दे दिया। यरूशलम के अल-अक्सा मस्जिद में इमाम शेख इस्साम अमीरा ने कहा कि समलैंगिकता के कारण कोरोना संक्रमण फैला है।

तना ही नहीं उन्होंने कहा कि मुस्लिम शासक समलैंगिकता की अनुमति देते हैं। इसके साथ ही नारीवादी संगठनों का पालन करते हैं, जिसकी वजह से कोरोना अपने 'भारतीय संस्करण' और नए वेरिएंट 'ओमीक्रोन' के रूप में पूरा दुनिया में फैल रहा है। दरअसल, कोरोना का डेल्टा वेरिएंट भारत में सबसे पहले डिटेक्ट किया गया था, जिसकी वजह से इमाम ने उसे कोरोना का भारतीय संस्करण बताया। सोशल मीडिया पर इमाम का वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि इमाम लोगों के बीच में खड़े होकर



अपनी बात रख रहा है।

**इमाम ने मीडिया को बताया काफिर**

इतना ही नहीं इमाम ने अपने संबोधन में मीडिया को काफिर भी बताया। उन्होंने कहा कि जिन शासकों की वजह से ऐसी समस्या उत्पन्न हुई है, उसके खिलाफ सभी को एकत्रित होना चाहिए। इसके साथ ही इमाम ने यह भी कहा कि सरकार और मीडिया अगर वायरस के बारे में जानकारी नहीं देते तो यह नहीं फैलता।

आपको बता दें कि इजराइल में ओमीक्रोन के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है और पिछले 8 दिनों में तो मामले 24 फीसदी बढ़े हैं। माना जा रहा है कि ओमीक्रोन वेरिएंट डेल्टा की तुलना में तीन गुना ज्यादा संक्रामक है। हालांकि, वैक्सीनेशन ओमीक्रोन के संक्रमण से आंशिक सुरक्षा प्रदान करते हुए प्रतीत हो रहे हैं।

## भारत का प्लान ड्रैगन, अमेरिका के जरिये चीन को बड़ा झटका देने की तैयारी में नेपाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने अपने भारत दौरे से ठीक पहले चीन को एक बड़ा झटका देने की तैयारी कर ली है। शेर बहादुर देउबा ने सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाकर मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन के तहत अमेरिका से प्रस्तावित अनुदान सहायता की पुष्टि करने की आवश्यकता को रेखांकित किया, और कहा कि 500 मिलियन अमरीकी डालर का कार्यक्रम राष्ट्रीय हित के खिलाफ नहीं है। जिससे ड्रैगन बिफर गया है। चीन की ओर से कहा गया है कि अमेरिका ने अपने सियासी हितों और वैश्विक आधिपत्य को बरकरार रखने के लिए मानवाधिकारों के राजनीतिकरण का सहारा लिया है।

**अमेरिका को देश में लाकर विकास योजनाओं पर काम कराने के इच्छुक**

सीपीएन-माओवादी सेंटर के आठवें आम सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में देउबा ने सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाकर 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर के एमसीसी समझौते की पुष्टि करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कुछ राजनीतिक नेताओं द्वारा व्यक्त किए गए विचार को खारिज कर दिया कि समझौता नेपाल के राष्ट्रीय हित के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'यह अनुदान सहायता है, इसलिए एमसीसी के राष्ट्रीय हित के खिलाफ



जाने का कोई सवाल ही नहीं है।' 'मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन' 2004 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा स्थापित एक द्विपक्षीय अमेरिकी विदेशी सहायता एजेंसी है।

**भारत के दौरे पर आ रहे देउबा**

नए साल पर पड़ोसी मुल्क से खास मेहमान भारत के दौरे पर आ रहा है। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत के दौरे पर आ रहे हैं। देउबा के पीएम मोदी से भी मीटिंग की उम्मीद जताई जा रही है। देउबा के भारत दौरे में चीन की गतिविधियों पर भी चर्चा संभव है। देउबा भारत के दौरे पर आ रहे हैं इस बात का भरोसा दिलाने के लिए कि उनके लिए भारत जैसे पड़ोसी देश की क्या अहमियत है। इसके साथ ही नेपाल भारत और चीन के बीच बैलेंस बनाने की कोशिश में लगा है। यूएस के प्रोजेक्ट को लेकर नेपाल ने

**क्या है अमेरिका-नेपाल एमसीसी समझौता**

नेपाल और अमेरिका ने 2017 में मिलेनियम चैलेंज कॉर्पोरेशन समझौता किया था। एमसीसी के तहत अमेरिकी सरकार नेपाल को कई प्रोजेक्ट के लिए अनुदान देगी। अनुदान का उपयोग मुख्य रूप से नेपाल की बिजली परियोजनाओं में होगा। इससे नेपाल में ट्रांसमिशन लाइन को मजबूत किया जाएगा। इससे नेपाल आसानी से भारत को पनबिजली का निर्यात कर पाएगा। अमेरिका इसके जरिये नेपाल में सड़क नेटवर्क भी सुधार करेगा।

## शिया समुदाय की तालिबान से अपील, हमारे अधिकारों की रक्षा की जाए; सरकार में मिले जगह

**काबुल (एजेंसी)**

अफगानिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे शिया समुदाय ने तालिबान सरकार से अपने संप्रदाय को औपचारिक तौर पर मान्यता देने और एक समावेशी सरकार के ढांचे में शिया नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने की अपील की है।

**तालिबान ने दिया है सुरक्षा का आश्वासन**

खामा प्रेस की रिपोर्ट बताती है कि अफगानिस्तान में शिया लोगों ने अपने सभी राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बोलने की स्वतंत्रता और राजनीतिक भागीदारी की सुरक्षा की अपील की है। उन्होंने शिया लोगों के लिए विशेष अदालतें बनाने की भी मांग की, जहां वे अपने कानून को लागू कर सकें। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अफगान सरकार उनकी भागीदारी के बिना समावेशी नहीं होगी क्योंकि वे अफगान आबादी का 25 फीसद हिस्सा हैं। यह अपील तब की गई है जब कई शिया नेताओं ने 26 दिसंबर को तालिबान पीएम अब्दुल कबीर के



राजनीतिक डिप्टी के साथ मुलाकात की और उन्हें अफगानिस्तान में उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया गया।

**इस्लामिक स्टेट कर रहा शियाओं को टारगेट**

दशकों से अफगानिस्तान के शिया समुदाय के लोगों को हिंसा में निशाना बनाया जाता है। बता दें कि तालिबान शियाओं को विधर्मी मानते हैं। हाल के दिनों में इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन ने भी शियाओं पर हमले किए हैं।

अगस्त 2021 में काबुल पर कब्जा करने के बाद तालिबान ने शियाओं पर हमला न करने का वादा किया था। तालिबान ने अपने कार्यकाल के दौरान शियाओं को बुरी तरह से निशाना बनाया था। अबकी तालिबान ने शियाओं को आशूरा का पवित्र अवकाश मनाने की इजाजत दी है। उन्होंने शिया समुदायों में पहुंच बनाने के लिए एक शिया मौलवी को भेजा है। तालिबान नेताओं ने एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए शिया मस्जिदों का दौरा किया है।

अक्टूबर में मस्जिदों में इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन द्वारा दो आत्मघाती बम विस्फोटों में एक साथ 90 से अधिक लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य घायल हो गए। ऐसे में सवाल उठते हैं कि क्या तालिबान इस्लामिक स्टेट के अभियान को अफगान शियाओं के खिलाफ कंट्रोल कर पायेगा।

### कनाडाई कपल ने अबू धाबी में नए कानून के तहत गैर मुस्लिम के रूप में की शादी

–यूएई में बदलाव की बयार, गैर मुस्लिम कपल के लिए पहला सिविल मैरिज लाइसेंस जारी

दुबई । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने एक गैर मुस्लिम कपल के लिए पहला सिविल मैरिज लाइसेंस जारी किया है। यूएई ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है, जब वह अपने क्षेत्रीय प्रतियोगियों से आगे बने रहना चाहता है। देश की कुल आबादी में करीब 90 फीसदी लोग विदेशी हैं, जबकि देश की कुल आबादी करीब एक करोड़ है। यूएई इस कट्टरपंथी इलाके में खुद को उदार दिखाने की कोशिश कर रहा है। कनाडा के एक कपल ने अबू धाबी में नए कानून के तहत गैर मुस्लिम के रूप में शादी की।

एजेंसी ने कहा इस कदम के जरिए अबू धाबी दुनिया में कुशल और विशेषज्ञ लोगों का पसंदीदा ठिकाना बनेगा। इस्लाम, ईसाई और यहूदी धर्म के जन्मस्थली पश्चिम एशिया में सिविल मैरिज एक असामान्य बात है और आमतौर पर इसे एक धार्मिक प्राधिकरण के तहत किया जाता है।

ट्यूनिशिया और अल्जीरिया में सिविल मैरिज की अनुमति है। इससे पहले यूएई के अबूधाबी में गैर मुस्लिमों को नए सिविल लॉ के मुताबिक शादी करने, तलाक देने और बच्चे की संयुक्त कस्टडी हासिल करने का अधिकार दिया गया था। यूएई के शासकों की ओर से जारी नए आदेश में इसकी अनुमति दी गई थी। माना जा रहा है कि अबूधाबी ने खाड़ी देशों में व्यवसायिक हब बन रहे अन्य क्षेत्रों पर प्रतिद्वंदिता में बढ़त हासिल करने के लिए यह नया आदेश जारी किया है। अभी तक अबू धाबी में शादी और तलाक पर कानून अन?य खाड़ी देशों की तरह से इस?लामिक शरिया कानून पर आधारित थे।

अबूधाबी के शेख खलीफा बिन जायद अल नहयान की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि यह सिविल मैरिज, तलाक, गुजारा भत्ता, बच्चों की संयुक्त कस्टडी, पितृत्व का सबूत और उत्तराधिकार सभी को समाहित करता है। अल नहयान यूएई के सातों अमीरात के संघ के अध्यक्ष हैं।

## ओमीक्रोन के प्रति फैलाई जागरुकता

■ नई दिल्ली



ओमिक्रोन वायरस से डरने की जरूरत नहीं है केवल अपनी साफ-सफाई का ध्यान रखें और घर से बाहर निकलते हुए मास्क पहने। यह बात डॉ. जमाल खान ने कही। उन्होंने कहा कि जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई है वह भी जल्दी से जल्दी वैक्सीन लगवा लें। ओमिक्रोन वायरस हो या अन्य कोई वायरस हो गंदगी से आते है सफाई का ध्यान रखें इससे डरने की जरूरत नहीं है। खान ने बताया कि यह वायरस कोरोना वायरस से ज्यादा तेजी से फैलता है। भारत में यह प्रभावी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए प्रोटोकाल का पालन कर हम इस वायरस को भी हरा सकते है।

## बिना मास्क के बैंक में एंट्री से रोकने पर गार्ड की पिटाई

■ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में अब मास्क पहनने और न पहनने को लेकर मारपीट और झगड़े भी होने लगे हैं। बुधवार को छतरपुर में एक ऐसा ही मामला सामने आया। यहां एक बैंक में एक व्यक्ति बिना मास्क के घुस गया था। वहां मौजूद गार्ड ने जब शख्स को टोका और रोकने की कोशिश की तो उसने गार्ड की पिटाई कर दी। इस दौरान वहां मौजूद बैंककर्मियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश भी की। गार्ड के टोकने पर उस व्यक्ति को इतना गुस्सा आ गया कि उसने अपने बाकी साथियों को बुला लिया और बैंक में तोड़फोड़ भी कर दी। शख्स के साथियों ने बैंक स्टाफ के साथ मारपीट भी की। बैंक की ओर से शिकायत मिलने पर दिल्ली पुलिस की ओर से इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, ये पूरी घटना बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बैंक अधिकारियों ने ये सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराई।

## *कचरे के निपटान के लिए ऑन डिमांड कलेक्शन सेवा होगी शुरू*

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली वासियों को बेहतर सुविधाएं और वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने इंडो एनवायरो इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन की शुरूआत की। इसके तहत कचरे के निपटाने के लिए ऑन डिमांड कलेक्शन सेवा शुरू होगी।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त विकास आनंद ने बताया कि सी एंड डी के ऑन डिमांड कलेक्शन सेवा का लाभ लेने के लिए नाममात्र शुल्क का भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि इसे सेवा के माध्यम से पूर्वी निगम क्षेत्र में रहने वाले नागरिक निर्माण कार्य से उत्पन्न सी एंड वेस्ट को अविलंब रूप से हटावा कर उसका निपटान करवा सकेंगे और दंड जुर्माना और पेनल्टी से आसानी से बच सकेंगे।

## हिंदुओं को एक जुट करेगी धर्म जागरण परिषद : गोपाल झा

**नई दिल्ली।** बुराड़ी विधानसभा के भाजपा पूर्व विधायक उम्मीदवार एवं दिल्ली धर्म जागरण परिषद के प्रान्त



सचिव भाई गोपाल झा बिहार में ब्राह्मणों के खिलाफ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी जी के द्वारा दिए गए वयान को एक साजिस मानते हैं क्योकि ऐसे व्यान बाजी से हिन्दुओं की एकता और अखंडता को ठेस पहुची है धर्म जागरण परिषद कुछ ब्राह्मणों के द्वारा दी गई प्रति क्रिया से भी सहमत नहीं हैं 7 धर्म जागरण परिषद हिंदुओं की एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है 7

श्री झा ने कहा है धर्म जागरण परिषद यह मानती है कि हर एक हिन्दू जन्म से अज्ञान (शुद्र ) है ब्राह्मण कोई जाति नहीं वह एक पद है जो उच्च ज्ञान ,समाज के लिए त्याग / बलिदान के साथ- साथ अपने को पीछे रखकर सत्य सनातन को आगे बढाता है उसे ही हमें ब्राह्मण समझना चाहिए और जिन्हें हम सभी को आदर के साथ सहयोग प्रदान करना चाहिए ताकि चिरकाल तक सत्य सनातन की रक्षा हो सके 7 जिसके लिए जरुरी है हिन्दुओ के बीच में ज्ञान-अज्ञान के बीच में दूरियां कम हो और हिन्तुत्व का भाव बढे 7 इसके किए श्री गोपाल झा के साथ जल्द ही दिल्ली प्रान्त धर्म जागरण परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल बिहार प्रान्त में सामाजिक समरसता के लिए दौरा करेगी 7 दिल्ली प्रान्त के अध्यक्ष धमेजा जी व् संयोजक लाल विहारी तिवारी ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम लाल बाल्मीकि एवं पंडित राम गोपाल शर्मा आदि प्रति निधि मंडल का हिस्सा होंगे ।

## ओमिकॉर्न के बढ़ते मामले चिंताजनक

### पर दिल्ली के बाजारों में ऑड इवन लागू करना बेतुका कदम- कैट

**नई दिल्ली।** कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ओमिकॉर्न और कोविड-19 के हर दिन बढ़ रहे मामलो को बेहद चिंताजनक बताया पर साथ ही ये भी कहा कि किसी भी परिस्थिति में दिल्ली के बाज़ारो को ओड इवन की तर्ज़ पर खोलना केजरीवाल सरकार का बेहद बेतुका कदम साबित होगा । इससे ओमिकॉर्न या कोविड के बढ़ते मामलों में कोई कमी नही आएगी उल्टा व्यापारियों के साथ साथ ग्राहकों को भी भारी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ेगा। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खण्डेलवाल ने कहा कि देश के 8 करोड़ व्यापारी ओमिकॉर्न और कोविड के खिलाफ जंग में केंद्र और राज्य सरकारो के साथ हर कदम पर खड़े है । दिल्ली मेट्रो, रेस्तरां, और बार 50त्न क्षमता पर संचालित होंगे; सिनेमा हॉल, स्पा, जिम, मल्टीप्लेक्स, बैंक्वेट हॉल, ऑडिटोरियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तत्काल प्रभाव से बंद किए जाएंगे। यह सभी कदम व्यापार के लिए बेहद विपरीत होंगे । इन प्रतिबंधों के साथ साथ ये बेहद आवश्यक है कि दिल्ली सरकार सम्पूर्ण लॉक डाउन या ओड इवन प्रणाली पर बाज़ारो को संचालित करने की बजाए, अनिवार्य रूप से कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित और प्रेरित करने के लिए तरीके और उपाय निकाले। खंडेलवाल ने आगे कहा कि व्यापार संघों को विश्वास में लेकर कोई भी कदम उठाना बेहतर होगा और सरकारी मशीनरी के समर्थन से, व्यापार संघों को कोविड प्रोटोकॉल को अपनाते हुए एक व्यवस्थित तरीके से ग्राहको की जांच करने के लिए सहयोग करने और उपायों को तैयार करने की ज़िम्मेदारी सौपी जा सकती है। दुकानदारों को पहले ही कैट द्वारा ग्राहकों के साथ व्यवहार करते समय नो मास्क- नो सेल नीति अपनाने की सलाह दी जा चुकी है। और कैट की सलाह के अनुसार, दुकानदार स्वयं और अपने कर्मचारियों द्वारा अनिवार्य मास्क का उपयोग कर रहे हैं।

श्री खंडेलवाल ने कहा की ओड इवन प्रणाली व्यर्थ है क्योंकि जब भी ग्राहक बाजारों में जाते हैं, तो वे व्यापक तरीके से खरीदारी करना पसन्द करते हैं। ऑड ईवन फॉर्मूला उपभोक्ताओं की पसंद और खरीदारी को प्रतिबंधित करेगा और उपभोक्ता भावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। चूंकि, दुकानें लोगों का एकमात्र तत्काल संपर्क बिंदु हैं और उनके माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा सकता है इसलिए उनको ओड इवन तरीके से खोलने की बजाए एक मजबूत रणनीति बना कर उन्हें शशक्त बना सकते है। कैट ने सरकार को ऐसे महत्वपूर्ण समय में समर्थन देने का पूर्ण आश्वासन दिया है और साथ ही दिल्ली के बाजारों में ओड इवन प्रणाली को लागू न करने का अनुरोध किया है।

## डॉक्टरों का विरोध 13वें दिन भी जारी, संख्या बढ़ी

■ नई दिल्ली



दिल्ली के कई बड़े अस्पतालों में बुधवार को रोगियों की देखभाल प्रभावित हुई क्योंकि नीट पीजी काउंसलिंग में देरी का विरोध कर रहे रेजिडेंट डॉक्टरों ने अपना प्रदर्शन और तेज कर दिया है, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन (आरडीए) के और अधिक सदस्य प्रदर्शन में शामिल हुए। राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (आरजीएसएसएच) के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने बुधवार सुबह एक बयान जारी किया कि उसके सदस्य सोमवार को डॉक्टरों पर कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में सेवाएं वापस ले रहे हैं और उसने नीट पीजी काउंसलिंग प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। पूर्वी दिल्ली में स्थित आरजीएसएसएच दिल्ली सरकार के अधीन आता है। आरजीएसएसएच दिल्ली में कोविड-19 के उपचार के लिए प्रमुख अस्पतालों में से एक है। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजिडेंट ने बुधवार को भी सेवाओं का बहिष्कार किया है। लेकिन हम क्षतिपूर्ति करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि रोगियों की देखभाल ज्यादा प्रभावित न हो। लगभग 900-2000 रोगी प्रतिदिन ओपीडी में आते हैं। चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय और दिल्ली में सबसे व्यस्त अस्पतालों में से एक उत्तर रेलवे सेंट्रल अस्पताल में आरडीए के सदस्यों ने भी विरोध जताते हुए सेवाओं का बहिष्कार किया। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार ने पुष्टि की कि एनआर सेंट्रल अस्पताल के डॉक्टर विरोध में शामिल हो गए हैं। चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय और उत्तर रेलवे सेंट्रल अस्पताल के डॉक्टरों के सोशल मीडिया पर पोस्ट तस्वीरों में बैनरों पर मेडिकल बिरादरी के लिए काला दिन, काउंसलिंग कराओ, डॉक्टर बुलाओ और हमें न्याय चाहिए जैसे नारे लिखे थे।

नीट-पीजी 2021 काउंसलिंग में देरी का विरोध कर रहे दिल्ली के रेजिडेंट डॉक्टरों का आंदोलन बुधवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) के अध्यक्ष डॉ मनीष ने कहा, हड़ताल अब भी जारी है। हड़ताल के कारण केंद्र द्वारा संचालित तीन अस्पतालों सफदरजंग, आरएमएल और लेडी हार्डिंग तथा दिल्ली सरकार द्वारा संचालित कुछ अस्पतालों में भी मरीजों की देखभाल प्रभावित हुई है। फोर्डा ने मंगलवार को प्रदर्शन जारी रखने का फैसला किया था क्योंकि उनके एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के बीच हुई बैठक में कोई प्रगति नहीं हुई थी। फोर्डा के एक प्रतिनिधिमंडल और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के बीच यहां निर्माण भवन में बैठक हुई थी, लेकिन डॉक्टरों की संस्था ने कहा था, जवाब संतोषजनक नहीं था। मांडविया ने उनसे व्यापक जनहित में अपनी हड़ताल वापस लेने का आग्रह किया था। दिल्ली में रेजिडेंट डॉक्टर बुधवार सुबह सफदरजंग अस्पताल के परिसर में जमा हुए, जहां कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

## *अदालत ने यातायात पुलिसकर्मी को कार से घसीटने वाले व्यक्ति को दोषी करार दिया*

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने एक व्यक्ति को गलत तरीके से कार चलाने के दौरान मोबाइल फोन पर बात करने और जांच के लिए रोके जाने का इशारा करने पर यातायात पुलिसकर्मी को कार के बोनट पर घसीटने का दोषी करार दिया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने आरोपी पुष्प अग्रवाल को गलत तरीके से वाहन चलाने और लोकसेवक को चोट पहुंचाने तथा कर्तव्य निभाने में बाधा पहुंचाने का दोषी करार दिया। हालांकि, न्यायाधीश ने कहा कि वाहन को खतरनाक और अंधाधुंध तरीके से चलाने का अपराध किया गया।

## आईपी के कुलपति को मिला समाज रतन अवॉर्ड




■ नई दिल्ली

आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर महेश वर्मा को समाज रतन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान किशोर कुमार मेमोरीयल क्लब द्वारा इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित 19 वें किशोर कुमार अवार्डस फंक्शन में दिया गया। यह सम्मान उन्हें उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक महा सचिव कमल धिमान की पुस्तक, मधुबाला.वीनस आफ इंदीयन सिनेमा का विमोचन किया गया। यह संस्था मशहूर गायक किशोर कुमार की याद में दो दशक से भी ज्यादा समय से युवा गायकों की प्रतिभा को निखारने के लिए मंच प्रदान कर रही है।

## कोरोना की तीसरी लहर में हो सकती है डॉक्टरों की कमी

■ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में संभावना है कि तीसरी लहर में मरीजों को उपचार के लिए डॉक्टर नहीं मिलेंगे। नीट पीजी काउंसलिंग में देरी के खिलाफ लंबे समय से डॉक्टर हड़ताल पर हैं। सफदरजंग अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के महासचिव अनुज अग्रवाल का कहना है कि पहली लहर में हमारे पीपीई किट तक नहीं थी, दूसरी में ऑक्सीजन की कमी थी और इस बात पर ध्यान दें तीसरी लहर में डॉक्टरों की गंभीर कमी होगी। अनुज ने बताया कि एडमिशन प्रक्रिया में देरी के कारण डॉक्टरों संख्या में 33 प्रतिशत की कमी हुई है और दूसरे और तीसरे वर्ष में रेजिडेंट डॉक्टरों पर काम का प्रेशर बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि देश में इस समय लगभग 50 हजार डॉक्टरों की कमी है। अस्पताल में डॉक्टर नहीं होंगे तो मरीजों की देखभाल कौन करेगा। हम हर हफ्ते 80-100 घंटे काम कर रहे हैं और थक गए हैं। वहीं, दूसरी ओर डॉक्टरों के हड़ताल के समर्थन में निजी अस्पताल के छात्र भी आ गए हैं। गुरुवार को डिप्लोमा ऑफ नेशनल बोर्ड के छात्र सर गंगा राम अस्पताल में गुरुवार को दोपहर 1 से 2 बजे तक विरोध प्रदर्शन करेंगे। उनका कहना है कि डॉक्टरों की मांग उचित है और इसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए। इससे पहले अन्य निजी अस्पताल के डॉक्टर भी समर्थन में आए थे। डॉक्टर और पुलिस के बीच हुई झडप का विरोध करते हुए नर्स भी डॉक्टरों के समर्थन में आए गए हैं।

## *जहांगीरपुरी में कार लूटने के आरोप में दो गिरफ्तार*

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में एक कैब चालक से उसकी कार लूटने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपियों की पहचान 23 वर्षीय नितिन और 31 वर्षीय मनोज कुमार प्रजापति के रूप में हुई है। दोनों घटना वाले इलाके के ही निवासी हैं।

ऐप आधारित कैब सेवा के चालक नवीन ने पुलिस में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया कि उसे जी-ब्लॉक जहांगीरपुरी से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए रविवार को देर रात 2:17 बजे एक बुकिंग मिली। हालांकि, पिक अप वाली जगह पर पहुंचने के बाद उसे कोई नहीं मिला तो उसने कार में ही आराम करने के बारे में सोचा।

शिकायत के मुताबिक, करीब तीन बजे दो लोग वहां पहुंचे और उसे धमकाते हुए उसकी कार लेकर चले गए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नवीन के हवाले से बताया कि वे शाह आलम बांध रोड की तरफ गए। इस संबंध में पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) उषा रंगनानी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद कई इलाकों में छापेमारी की गई और आरोपी और कार को जहांगीरपुरी के सी-ब्लॉक के पास खोज निकाला गया।

डीसीपी ने कहा कि नितिन आदतन अपराधी है और वह पहले भी चार मामलों में संलिप्त रहा है।

## भारतीय साहित्य में काशी के योगदान पर संगोष्ठी का आयोजन

■ नई दिल्ली



साहित्य अकादेमी द्वारा भारतीय साहित्य में काशी का योगदान विषयक संगोष्ठी का आयोजन आभासी मंच पर किया गया। साहित्य अकादेमी के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि काशी विश्व के प्राचीनतम नगरों में से एक है और केवल धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, साहित्य और कलाओं का केंद्र ही नहीं बल्कि दार्शनिकों का शहर भी है। उन्होंने ढाई हजार साल पहले भगवान बुद्ध के संदर्भ से अपनी बात शुरु करते हुए आदि शंकराचार्य, स्वामी रामानंद, कबीर, तुलसी से लेकर संस्कृत के कवियों, काशी के पंडितों और आधुनिक भारतीय साहित्य के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र की काशी का खाका भी पेश किया। छायावाद के प्रसिद्ध और महत्तवपूर्ण कवि जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी के साथ उन्होंने मदन मोहन मालवीय द्वारा काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना तथा अन्य संस्थाओं जैसे नागरी प्रचारिणी सभा आदि का जिक्र करते हुए काशी को एक नगर ही नहीं बल्कि विद्या का जाग्रत केंद्र बताया। उदय प्रताप सिंह ने शंकराचार्य का योगदान पर नंद किशोर पांडेय ने काशी के संत और भक्त कवि, तुलसीदास और कबीर के विशेष संदर्भ में पर, वीर सागर जैन ने काशी के जैन आचार्यों के योगदान पर, सदाशिव द्विवेदी ने संस्कृत साहित्य में रेवा प्रसाद द्विवेदी एवं सत्यव्रत शास्त्री के योगदान तथा सत्र के अध्यक्ष एस. रंगनाथ ने शंकराचार्य के योगदान पर अपने सुचिंतित वक्तव्य दिए।

## *दिल्ली बिजली चोरी मामला : गेस्ट हाउस मालिकों को तीन साल की सजा*

**नई दिल्ली।** तीस हजारी की एक विशेष अदालत ने बिजली चोरी के एक मामले में दरियागंज के एक गेस्ट हाउस के दो मालिकों को तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए उन पर 33 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, बिजली चोरी के ही एक अन्य मामले में अदालत ने दरियागंज के एक होटल मालिक पर 23.70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं चुकाने पर उसे छह महीने कारावास की सजा हो सकती है।

## हुनर हाट मेले में 'नो मास्क नो एंट्री' लागू

■ नई दिल्ली




जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे हुनर हाट में कोविड प्रोटोकॉल का खास ध्यान रखा जा रहा है। गाइडलाइंस को पूरी तरह कढ़ाई से लागू करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं की जा रही है। हुनर हॉट मीडिया प्रवक्ता ने बताया कि दुकानदार से लेकर आयोजकों और आगंतुकों तक सभी के लिए मास्क अनिवार्य है। मास्क के बिना किसी को भी हुनर हाट में एंट्री नहीं है।

नो मास्क नो एंट्री का नियम सख्ती से लागू है। आयोजकों की तरफ से बार-बार लाउडस्पीकर पर मास्क लगाए रखने और हाथों को सेनिटाइज करने की अपील लोगों से की जा रही है। उन्होंने बताया कि मॉनिटरिंग के लिए अतिरिक्त स्टाफ को नियुक्त कर दिया गया है। सुरक्षागार्ड भी बढ़ा दिए गए हैं।

हर स्टॉल पर सेनिटाइजर रखा गया है। सभी दस्तकार, शिल्पकार और कारीगर फुली वैक्सीनेटेड हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए बुधवार को नूरा सिस्टर्स का कार्यक्रम होना था लेकिन रद्द कर दिया गया। अल्ताफ राजा और बॉलीवुड के अन्य बड़े कलाकारों के सभी कार्यक्रमों को कैंसिल कर दिया गया है। हुनर हाट में अब शाम को संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं होगा।

## *कपड़े पर जीएसटी 12 फीसद करने के खिलाफ आज बंद रहेंगी 1 लाख दुकानें*

**नई दिल्ली।** देश में 1 जनवरी से कपड़े पर लग रहे 12 फीसदी टैक्स के विरोध में गुरुवार को राजधानी दिल्ली में करीब 1 लाख दुकानें बंद रहेगी। बता दें कि जीएसटी काउंसिल के प्रस्ताव के तहत जीएसटी को 5 फीसद से बढ़ाकर 12 फीसद किया जाएगा। व्यापारी इसका विरोध कर रहे हैं। इसे लेकर चैम्बर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के नेतृत्व में बुधवार को कनॉट प्लेस में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। चेयरमैन बृजेश गोयल व महासचिव रमेश आहूजा ने कहा कि व्यापारी संगठनों ने कपड़े पर जीएसटी की दर को बढ़ाने का पुरजोर विरोध किया ।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जनलोकपाल बिल को लेकर सीएम को घेरा

■ नई दिल्ली



करीब आठ साल पहले 29 दिसम्बर को अरविंद केजरीवाल जनलोकपाल लाने की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे लेकिन आज आठ साल बाद भी जनलोकपाल का कोई आता पता नही है। उस समय बड़े-बड़े विज्ञापन दिए जो बच्चा 10 साल का था,वो आज 18 साल का हो गया है, वो भी आज पूछ रहा है कि अरविंद केजरीवाल आप वादा पूरा कब करोगे। यह बात दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने गुरूवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 29 दिसम्बर को वादा खिलाफी दिवस के रूप में मनाने की बात करते हुए कहा कि जब ईमानदारी का ढोंग रचने वाली आम आदमी पार्टी को डर किस बात का है। असलियत यह है कि उनके 24 विधायकों पर 87 मामले चल रहे हैं जो जनलोकपाल के आते ही शिकंजे में आ जाएंगे। आदेश गुप्ता ने कहा कि जब भी जन लोकपाल की बात होती है तो केजरीवाल सरकार यह कहती है कि उसने यह बिल उपराज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है जबकि 2018 की आरटीआई में साफ लिखा है कि यह बिल उपराज्यपाल के पास गया ही नहीं।

## टाटा पावर–डीडीएल को कम्युनिटी डेवलपमेंट में योगदान के लिए मिला ग्लोबल सीएसआर अवार्ड

**दो कैटेगरीज़ में सम्मानित** शानदार सीएसआर परफॉरमेंस के लिए प्लेटिनम अवार्ड (बैस्ट कंट्री अवार्ड) और सिल्वर अवार्ड (बैस्ट कम्युनिटी प्रोग्राम)

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 70 लाख की आबादी को बिजली सेवाएं प्रदान करने वाली अग्रणी वितरण कंपनी टाटा पावर-डीडीएल को सीएसआर के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए, 13वें ग्लोबल सीएसआर अवार्ड्स समारोह में दो प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये हैं - प्लेटिनम अवार्ड (बैस्ट कंट्री अवार्ड फॉर ओवरऑल सीएसआर परफॉरमेंस) कैटेगरी तथा सिल्वर अवार्ड (बैस्ट कम्युनिटी प्रोग्राम) कैटेगरी। इन पुरस्कारों की घोषणा वर्चुअल पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान की गई।

कंपनी के सीएसआर कार्यक्रमों का आयोजन ब्रैंड 'साथी' के तहत किया जाता है, जिनके माध्यम से, समाज के कम सुविधाप्राप्त करीब 10 लाख से अधिक लोगों के अलावा उत्तरी दिल्ली की जेजे कालोनियों में रहने वाले कंपनी के उपभोक्ताओं तक पहुँचा जाता है। साथी 4 प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित कार्यक्रमों का संचालन करता है, ये हैं - महिला साक्षरता (उन्नति), युवा सशक्तिकरण (उज्ज्वल), बेहतर स्वास्थ्य (संजीवनी) और ऊर्जा संरक्षण (क्लब एनर्जी)। इन कार्यक्रमों का मकसद समाज को प्रभावित करते हुए लंबे समय तक विकास सुनिश्चित करना है। ये सभी कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र के मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के अनुरूप हैं।

महामारी के दौरान, कंपनी ने न सिर्फ नॉन-स्टॉप पावर बिजली सप्लाई के लिए जरूरी इंतज़ाम किए बल्कि 'पावरिंग फाइट अगेन्स्ट कोरोना' के तहत् अन्य कई पहल भी की ताकि इस स्वास्थ्य संकट से निपटा जा सके और कंपनी के हितधारकों पर इसका कम से कम असर हो। कंपनी ने महामारी के बारे में लोगों को जागरूक बनाने की पहल की, उन्हें मास्क उपलब्ध कराए और साथ ही, अन्य कई प्रोटोकॉल्स तथा डिजिटल पेमेन्ट्स आदि के बारे में जानकारी दी। इनके अलावा, मील्स (पके हुए भोजन) का वितरण किया, जगह-जगह मेडिकल डिस्पेन्सरियां लगवायीं और लोगों को कोविड-19 से बचाव के बारे में जागरूक बनाया।

टाटा पावर-डीडीएल के ग्लोबल सीएसआर अवार्ड से सम्मानित होने पर, श्री गणेश श्रीनिवासन, सीईओ, टाटा पावर-डीडीएल ने कहा, टाटा पावर-डीडीएल में हम सामुदायिक विकास पर भरपूर जोर देते हैं। हम समाज में कम सुविधाप्राप्त वर्ग के लोगों के जीवन में सुधार लाने तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए कई कार्यक्रमों का संचालन करते हैं। यह पुरस्कार सामाजिक कल्याण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता का सबूत है।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) प्रमुख डिस्कॉम है जो इंफॉरमेशन एवं ऑपरेशनल टैक्नोलॉजी सेवाओं की मदद से, नॉर्थ दिल्ली में करीब 70 लाख की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। है। टाटा ग्रुप के अपने आसपास की कम्युनिटीज़ के जीवन की क्वालिटी बेहतर बनाने के लक्ष्य के अनुसार, कंपनी झुग्गी झोंपड़ी कालोनियों के निवासियों का जीवनस्तर सुधारने लिए लगातार काम कर रही है। कंपनी अपने एफरमेटिव प्रोग्राम के तहत्, अपने डिस्ट्रिब्यूशन एरिया के अंतर्गत 220 से अधिक जेजे कालोनियों, पुनर्वास कालोनियों एवं गांवों में, 350 महिला साक्षरता केंद्रों, 20 वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर्स एवं ट्यूटोरियल क्लासेज़, स्पेशली एबल्ड बच्चों के लिए 1 केंद्र, स्कूलों एवं झुग्गी बस्तियों में लोगों के लिए पीने का सुरक्षित पानी उपलब्ध कराने के लिए 80+ आरओ वॉटर प्लांट्स, 5 मोबाइल डिस्पेन्सरियों, रक्तदान शिविरों, अनुसूचित जातियों एवं जनतातियों के लोगों को सहयोग प्रदान करती आ रही है। इन प्रोग्रामों से 10 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचा है। टाटा पावर-डीडीएल को उसके भरोसेमंद कॉर्पोरेट व्यवहार एवं समाज के कमजोर तबके के लिए उल्लेखनीय कार्यों के बदले अनेक नेशनल एवं इंटरनेशनल अवार्ड्स प्रदान किए गए हैं।

**पुरस्कार के बारे में**

ग्लोबल सीएसआर अवार्ड्स 2021 कार्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के लिए प्रदान किए जाने वाले एशिया के सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से हैं। ये पुरस्कार, पूर्व में या वर्तमान में, संगठनों के उत्कृष्ट, नवोन्मेषी और विश्वस्तरीय प्रोडक्ट्स, सर्विसेज़, प्रोजेक्ट्स तथा प्रोग्रामों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। ये प्रोजेक्ट्स कंपनी की नेतृत्वक्षमता, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्धता, अपने कार्य-व्यवहारों के संचालन के दौरान, कानून के अनुपालन तथा व्यक्तियों, समुदायों एवं पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

इस साल, दुनियाभर की 350 से अधिक कंपनिपयों ने पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां भेजी थीं और जजों के पैनल ने उन 50 कंपनियों को चुना जिन्होंने कोविड-19 पैंडेमिक के दूसरे वर्ष में सुदृढ़ कार्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोग्रामों को प्रदर्शित किया है।

## संपादकीय

# आप की छाप

चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में भाजपा के डेढ़ दशक के वर्चस्व को तोड़ते हुए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार चुनाव लड़ रही आप की धमाकेदार एंट्री से पार्टी गद?गद है। वह इन परिणामों को ट्रेलर बताकर फिल्म पंजाब में दिखाने की बात कर रही है। जाहिर बात है कि पहली बार चुनाव लड़ने से हासिल अप्रत्याशित कामयाबी की वह आसन्न पंजाब विधानसभा चुनावों को लेकर मनमाफिक व्याख्या कर सकती है। तमाम नये चेहरे इस चुनाव में आप ने उतारे और वे कामयाब रहे। वर्तमान व तीन पूर्व मेयरों का हारना भी इस बात का संकेत है कि जनता बदलाव के मूड में रही। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व यह चुनाव परिणाम भाजपा को परेशान करने वाला है। तो क्या इन चुनावों में महंगाई का मुद्दा चला? हाल ही में हिमाचल की एक संसदीय व तीन विधानसभा सीटों पर पार्टी की हार के बाद कहा गया था कि महंगाई का मुद्दा हावी रहा। यह भी कहा जा सकता है कि इन चुनावों में किसानों का मुद्दा भी प्रभावी रहा। दरअसल, नगर निगम की सीटों में विस्तार के लिये कुछ ग्रामीण इलाके भी चंडीगढ़ नगर निगम क्षेत्र में शामिल किये गये, जिनमें भाजपा को असफलता हाथ लगी। वहीं कांग्रेस के लिये ये परिणाम निराशाजनक हैं क्योंकि वह निगम चुनाव में तीसरे स्थान पर जा पहुंची है। जब इन परिणामों को पंजाब के आगामी विधानसभा चुनावों के संदर्भ में देखा जायेगा तो पार्टी के लिये यह चिंता का सबब है। लगता है पंजाब में कांग्रेस की गुटबाजी और पार्टी नेताओं की हिट-विकट पारी जनमानस को रास नहीं आई है। परिणामों से उत्साहित आप के नेता इसे पंजाब के चुनावों का ट्रेलर बता रहे हैं तो उसे पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता। बताते हैं कि चंडीगढ़ में साठ फीसदी आबादी पंजाब मूल की है, जिसके मूड को देखते हुए पंजाब में आप के फायदे में होने का आकलन किया जा रहा है।

दरअसल, चंडीगढ़ में भाजपा की शिकस्त के कई कारण हैं। इन चुनावों में एक तो मोदी फैक्टर नहीं था। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने इस चुनाव को लेकर अधिक गंभीरता नहीं दिखायी। पंद्रह साल से नगर निगम की सत्ता में रहने की वजह से पार्टी में नया जोश नजर नहीं आया। वैसे भी चंडीगढ़, जो प्रबुद्ध लोगों का शहर कहलाता है, नगर निगम की कारगुजारियों से खुश नजर नहीं आया। सिटी ब्यूटीफुल कहे जाने वाले शहर का ताज कब छिन गया, लोगों को पता ही नहीं चला। इस शहर के लोग स्वच्छता सर्वेक्षण में चंडीगढ़ के 66वें स्थान पर आने से नाखुश भी थे। वैसे भी भाजपा नगर निगम प्रशासन में कोई ऐसी छाप नहीं छोड़ पायी, जिसे लोग याद कर सकें। यही वजह है कि उसके मौजूदा मेयर समेत दो पूर्व मेयर भी चुनाव हार गये। पार्टी के पदाधिकारियों के परिजन भी चुनाव हारे। कमोबेश कांग्रेस की भी यही स्थिति रही। कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी की इस धमाकेदार एंट्री के मूल में 'मुफ्त का चंदन घिस रघुनंदन' वाला मुहावरा चरितार्थ हुआ है। यानी मुफ्त का मॉडल पार्टी के लिये बूस्ट साबित हुआ है। क्या मुफ्त बिजली-पानी वाला मॉडल चंडीगढ़ के लोगों को भी रास आया है? दरअसल, दिल्ली की ही तरह चंडीगढ़ के आस-पास के इलाकों में प्रवासी कामगारों की ऐसी घनी कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी का मुफ्त का मॉडल रास आता है। यही वर्ग दिल्ली में भी आप की बड़ी जीत का बड़ा कारक है। इन इलाकों में चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की धमक खूब देखी गई। वह आम आदमी जो भाजपा व कांग्रेस को विशिष्ट लोगों की पार्टी के रूप में देखता है, वह आम आदमी पार्टी से कहीं न कहीं खुद को जोड़ पाता है। कुछ ऐसे ही कारण हैं कि आप इन परिणामों की व्याख्या पंजाब के लोगों के मूड को रिफलेक्ट के रूप में कर रही है।

# रंगभेद के योद्धा

नोबेल पुरस्कार विजेता आर्क बिशप ड़ेसमंड़ टूटू का दक्षिण अफ्रीका ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रंगभेद के खिलाफ संघर्ष में महझवपूर्ण योगदान रहा है। रंगभेद या नस्ली भेदभाव आज भी दुनिया के विभिन्न हिस्सों में किसी-न-किसी रूप में विद्यमान हैं। इसीलिए टूटू के निधन से रंगभेद विरोधी आंदोलन को गहरा धक्का लगा है। वह सही मायने में समानता पर आधारित ऐसे आदर्श वैश्विक समाज की स्थापना करना चाहते थेग जहां गोरे-कालेग ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के बीच कोई फर्क न रहे। हालांकि उनकी इस सोच को यूटोपियन कहा जा सकता है, लेकिन यह भी सच है कि वह आजीवन ऐसे समाज की स्थापना के लिए संघर्षरत और प्रयासरत रहे। वास्तव में वह दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद विरोधी प्रतीक बन गए थे। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा ने ड़ेसमंड़ टूटू को एक प्रतिष्ठित, आध्यात्मिक नेता, रंगभेद विरोधी कार्यकर्ता और मानवाधिकार का वैश्विक प्रचारक करार दिया और कहा कि वे देश और दुनिया में दक्षिण अफ्रीका की सबसे मशहूर शख्सियतों में शामिल रहे। ड़ेसमंड़ टूटू का जन्म 7 अक्टूबर 1931 को उत्तर पश्चिम अफ्रीका में हुआ था। वे 1986 में केपटाउन के आर्क बिशप बने। नेल्सन मंड़ेला ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद टूटू को मानवाधिकारों के हनन की जांच करने वाले आयोग का अध्यक्ष बनाया था। सबसे महझवपूर्ण बात यह है कि टूटू ने रंगभेद के विरुद्ध अहिंसक आंदोलन में आध्यात्मिक मूल्यों का समावेश किया। यह ठीक ऐसा ही है जैसे बालगंगाधर तिलक ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ाई में गणपति पूजन को शामिल किया। द. अफ्रीकी समाज को रंगभेद से मुक्ति दिलाने में टूटू ने जिस तरह आजीवन संघर्ष किया वह आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देती रहेगी, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि भारत ही नहीं पश्चिमी देशों में भी मनुष्य और मनुष्य के बीच भेदभाव का कोई-न-कोई रूप अस्तित्व में है। पिछले ही वर्ष एक अश्वेत व्यक्ति के विरुद्ध नस्ली हिंसा ने पूरे अमेरिकी समाज के माहौल को बदल दिया था। लोग सड़कों पर थे 'अश्वेत जान की भी कीमत है' का पुराना आंदोलन उभरकर सामने आ गया था। टूटू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही हो सकती है कि उन्होंने रंगभेद के खिलाफ जो अहिंसक आंदोलन चलाया उसे आने वाली पीढ़ी अंतिम परिणति तक पहुंचाए।

## टू दि प्वाइंट/ आलोक पुराणिक

# 2021 की पॉलिटिक्स-फन, कनफ्यूजन

दो हजार इक्कीस का अंत सामने है- इंडियन पॉलिटिक्स में घृणा है, प्रेम है, गेम हैग कुछ लोग कहते हैं कि खालिस शेम है। फिर भी साहब पॉलिटिक्स चल रही है। चलती ही जा रही है, आप समझें या ना समझें पॉलिटिक्स है या फन है, या कनफ्यूजन है। ममता बनर्जी मोदी के खिलाफ हैं, पर शरद पवार के साथ हैं, शरद पवार उद्धव ठाकरे के साथ हैं, उद्धव ठाकरे राहुल गांधी के साथ हैं पर राहुल गांधी ममता बनर्जी के खिलाफ हैं। बात साफ है, पर साफ नहीं है। एक एक्सपर्ट से साल के अंत की पालिटिक्स कुछ यूं समझी।

एक्सपर्ट-देखो पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह कुछ महीने पहले कांग्रेस में थे और भाजपा के खिलाफ थे, अब कैप्टन भाजपा के साथ हैं और कांग्रेस के खिलाफ हैं। कांग्रेस के सिद्धू कांग्रेस के साथ भी हैं, और कांग्रेस के खिलाफ हैं, वह कहां हैं किसी को नहीं पता, शायद खुद उनको भी ना पता।

सवाल-आप केरल के बारे में कुछ बताएं।

एक्सपर्ट-केरल में लेफ्ट के साथ कांग्रेस है। लेफ्टवालों ने एक जमाने में केंद्र की कांग्रेस सरकार से सपोर्ट वापिस लिया था। ममता बनर्जी लेफ्ट और कांग्रेस दोनों के खिलाफ है, पर ये तीनों यानी ममता बनर्जी, लेफ्ट और कांग्रेस मोदी के खिलाफ हैं ममता बनर्जी मोदी के खिलाफ वैसे नहीं हैं, जैसे लेफ्टवाले हैं। यानी ममता बनर्जी लेफ्ट से अलग हैं, पर मोदी के खिलाफ हैं। हालांकि एक जमाने में मोदी की पार्टी की सरकार में ममता बनर्जी शामिल थीं। सवाल-उफ्फ विकट कनफ्यूजन है आप राजस्थान के बारे में बताइये।

एक्सपर्ट-देखिये यहां सचिन पायलट कांग्रेस में हैं, पर वह अशोक गहलोत के साथ नहीं हैं, यूं अशोक गहलोत कांग्रेस में ही है पर वह भी सचिन पायलट के साथ नहीं हैं। यूं दोनों साथ साथ हैं, पर साथ-साथ नहीं हैं। समझ गए ना अच्छी तरह से।

सवाल-जी महाराष्ट्र का हाल भी बताइये।

एक्सपर्ट-जो हाल पूरे राष्ट्र का है वही महाराष्ट्र का है। शरद पवार उद्धव ठाकरे के साथ हैंग उद्धव ठाकरे पहले भाजपा के साथ थेग शरद पवार भी एक जमाने में भाजपा के साथ थे, शरद पवार यूं राहुल गांधी के साथ हैंग पर यू साथ नहीं भी हैं।

# प्रगति पर डिजिटल भारत अभियान



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री के रूप में सुशासन की स्थापना की थी। उन्होंने पारदर्शी तरीके से सरकार चलाई। उनकी सरकार जब बहुमत से केवल एक कदम पीछे थी,तब भी उन्होंने अनुचित प्रबंधन से सरकार बचाने का प्रयास नहीं किया था। वस्तुत:यह उनकी विचारधारा और सार्वजनिक जीवन शैली के अनुरूप था, जिसमें निजी हितों का कोई महत्व नहीं था। उन्होंने अपने शासनकाल में भारत में टेलीकॉम क्रांति की शुरुआत की थी। टेलीकॉम से संबंधित सभी मामलों को तेजी से निपटाया गया। ट्राई की सिफारिशें लागू की गईं। स्पैक्ट्रम का आवंटन इतनी तेजी से हुआ कि मोबाइल के क्षेत्र में क्रांति की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी जयंती पर एक करोड़ विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट देने की योजना का शुभारंभ किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ईकाना स्टेडियम में अटल जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एक लाख युवाओं को फ्री स्मार्टफोन और टैबलेट का तोहफा दिया गया।

राजनीति और राजनीति शास्त्र दोनों अलग क्षेत्र हैं। राजनीति में सक्रियता या आचरण का बोध होता है, राजनीति शास्त्र में ज्ञान की जिज्ञासा होती है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इन दोनों क्षेत्रों में समान रूप से आदर्श का पालन किया। राजनीति में आने से पहले वह राजनीति शास्त्र के विद्यार्थी थे। कानपुर के डीएवी कॉलेज में नई पीढ़ी भी उनकी यादों का अनुभव करती है। अटल जी उन नेताओं में शुमार थे,जिनके कारण किसी पद की गरिमा बढ़ती है। वह बहुत होनहार विद्यार्थी थे। विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट में पढ़ाई के लिए कंटेंट मिलेगा। साथ ही रोजगार से संबंधित जानकारियां भी दी जाएंगीं। इस अवसर पर योगी अदित्यनाथ ने डिजि शक्ति पोर्टल और डिजि शक्ति अध्ययन ऐप को लांच किया। सभी स्मार्टफोन और टैबलेट में डिजि शक्ति अध्ययन ऐप इंस्टाल है। इसके माध्यम से संबंधित यूनिवर्सिटी या डिपार्टमेंट छात्रों को पढ़ाई के लिए कंटेंट देंगे। साथ ही शासन की ओर से बूट लोगो और वाल पेपर के माध्यम से रोजगारपरक योजनाओं आदि की भी जानकारी दी जाएगी। सरकार की ओर से नामी आईटी कंपनी इंफोसिस से अनुबंध किया जा रहा है। इससे इंफोसिस के शिक्षा और रोजगार से जुड़े करीब चार हजार प्रोग्राम नि:शुल्क युवाओं को उपलब्ध होंगे। जिन युवाओं का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है,उन युवाओं का डिजि शक्ति पोर्टल पर फिर से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

> अटल जी की स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा देश में अटल भूजल योजना, अटल ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, अटल नवीनीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन अमृत योजना संचालित की जा रही हैं।

लखनऊ अटल जी कर्मभूमि रही है। उनका कहना था कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। इसलिए छोटा मन हमें नहीं रखना चाहिए। इसलिए विराट सोच के साथ खड़ा होने का जज्बा होना चाहिए। इस जज्बे के साथ जब हमारा युवा खड़ा होगा तो वह ही नहीं सम्पूर्ण देश मजबूती से आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ ने समझा कि प्रदेश के बच्चे स्मार्ट फोन और टैबलेट के अभाव में पढ़ाई के लिए परेशान होते थे। इसलिए विद्यार्थियों के हित में यह निर्णय लिया। योगी आदित्यनाथ ने युवाओं से सोच ईमानदार तो काम दमदार का नारा भी लगवाया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि कोरोना कॉल में पूरी दुनिया की मेधा चहारदीवारी में कैद हो गयी। ऐसे समय में स्मार्टफोन और टैबलेट पर ही पूरी दुनिया काम करने लगी। पठन-पाठन से लेकर अन्य कार्य डीजिटल माध्यम से हुआ। अब उत्तर प्रदेश को एक नम्बर पर लाने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। अटल जी ने छह दशक तक देश की राजनीति को पूरी शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ नई दिशा देने का कार्य किया। वह सार्वजनिक जीवन जीने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणादायी बना रहेगा।

अटल जी का कहना था कि राजनीति सिद्धान्त विहीन नहीं होनी चाहिए, व्यक्ति को मूल्यों और सिद्धान्तों के साथ जीना चाहिए। देश समाज व सिद्धान्तों के लिए जीने वाले व्यक्ति का जीवन ही सार्थक और प्रेरणादायी होता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विराट सोच व्यक्तित्व को भी विराटता प्रदान करती है। युवाओं को हताशा और निराशा से मुक्त होकर विराट सोच के प्रयास करने चाहिये। इसके लिए सात वर्ष पूर्व चालीस करोड़ गरीबों के जनधन बैंक खाते खुलवाए गए। वर्ष पूर्व स्टार्ट अप इण्डिया, स्टैण्ड अप इण्डिया, डिजिटल इण्डिया आदि योजनाएं प्रारम्भ की गई।कोरोना कालखण्ड में जनधन खातों सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों की सहायता करना संभव हुआ। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत प्रतियोगियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई। निकट भविष्य में प्रत्येक जनपद स्तर पर भी यह कोचिंग संस्थान प्रारम्भ किए जाएंगे। एक जनपद एक उत्पाद योजना लागू की गई। परिणामस्वरूप डेढ़ करोड़ से अधिक युवाओं को राज्य में ही उद्योगों में रोजगार प्राप्त हुआ है। स्वरोजगार हेतु संचालित योजनाओं,विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि के माध्यम से साठ लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया।

पांच वर्ष पहले प्रदेश में बेरोजगारी दर लगभग अठारह प्रतिशत थी। यह अब घटकर लगभग साढ़े चार प्रतिशत रह गयी है। इसके अलावा अटल जी की जयंती पर योगी आदित्यनाथ ने आगरा में उनके पैतृक गांव बटेश्वर धाम में सांस्कृतिक संकुल घाटों का निर्माण,पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण सहित दो सौ तीस करोड़ रुपये की ग्यारह योजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण किया। इसमें बटेश्वर धाम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सांस्कृतिक संकुल का शिलान्यास प्रमुख रूप से शामिल है। उन्होंने वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने पर प्रत्येक विद्यालय में संस्कृत के अध्यापकों की तत्काल तैनाती कराए जाने का निर्णय लिया। यह सुनिश्चित किया कि वहां योग्यतम आचार्य रखे जाएं। इसके अलावा, संस्कृत के बच्चों को छात्रावास में रहने की व्यवस्था करायी जाए। सरकार ने संस्कृत की शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था करायी। इससे किसी भी छात्र और आचार्य को भटकना नहीं पड़ेगा। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अटल जी की स्मृति में अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अटल जी के नाम पर प्रदेश की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में स्थापित की जा चुकी है। प्रत्येक मण्डल में अटल आवासीय विद्यालय बनाए जा रहे हैं।

श्रमिकों के बच्चों तथा अनाथ बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए इन आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। अटल जी के नाम पर चवालीस इण्टर कॉलेज का निर्माण हो चुका है। प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में अटल सुशासन पीठ, अटल स्मृति उपवन, अटल बिहारी वाजपेयी संस्कृति पुरस्कार, डीएवी कॉलेज कानपुर में अटल बिहारी वाजपेयी सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस,बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में भी अटल बिहारी वाजपेयी पीठ,लखनऊ में अटल राष्ट्र प्रेरणा स्थल की स्थापना की गई है। इसके अलावा, प्रदेश के सबसे बड़े स्टेडियम का नाम अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम रखा गया है। प्रदेश सरकार ने विभिन्न परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। अटल जी की स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा देश में अटल भूजल योजना, अटल ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, अटल नवीनीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन अमृत योजना संचालित की जा रही हैं। प्रदेश सरकार अटल जी की भावनाओं के अनुरूप बटेश्वर,फतेहपुर सीकरी और बाह क्षेत्र के विकास के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार अटल जी की भावनाओं के अनुरूप इस क्षेत्र को पर्यटन विकास के लिए एक सुन्दरतम पावन धाम के रूप में विकसित करने के लिए हर प्रकार का सहयोग करेगी। यहां अटल जी नाम पर एक म्यूजियम अटल म्यूजियम की स्थापना की जाएगी। जिसमें उनके पूर्वजों और उनके बचपन से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार की योजनाओं को जोड़ते हुए इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

## चुनाव सुधार

# भ्रष्ट आचरण के दायरे में हो प्रलोभन देना

*अनूप भटनागर*

यह कितना विचित्र है कि चुनाव में निष्पक्षता के नाम पर मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ने को सरकार प्राथमिकता दे रही है, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों और उनके नेताओं द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले वादे करने की प्रवृत्ति को भ्रष्ट आचरण के दायरे में शामिल करने पर उसने मौन साध रखा है।

संसद ने विपक्ष के विरोध के बावजूद लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष बनाने और फर्जी मतदान पर अंकुश पाने के लिए मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी है। यह कानून बनने पर निकट भविष्य में न्यायिक समीक्षा के दायरे में आ सकता है।

संसद से मंजूर कराया गया यह संशोधन एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन बेहतर होता कि सरकार ने इतनी ही प्रतिबद्धता चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के प्रलोभन देने की राजनीतिक दलों की गतिविधियों को जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के दायरे में शामिल करने के प्रति दर्शायी होती। फिर कानून में संशोधन करके संगीन आपराधिक मामलों का सामना कर रहे व्यक्तियों को चुनाव लड़ने की अयोग्यता संबंधी प्रावधान के दायरे में शामिल किया होता।

इस समय, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित पांच राज्यों की विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। लगभग सभी राजनीतिक दल और इनके नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए उनसे एक निश्चित राशि का महिलाओं को मासिक भत्ता देने से लेकर मुफ्त बिजली, पानी, किसानों को कर्ज माफी और न जाने कौन-कौन से वादे कर रहे हैं। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त में रेवड़ियां बांटने के वादे की प्रवृत्ति से चिंतित शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों को नियंत्रित करने के संबंध में अलग से कानून बनाने का भी सुझाव दिया था।

न्यायालय ने जुलाई, 2013 में अपने फैसले में कहा था कि चुनाव घोषणापत्रों में मतदाताओं से किये गये वादे जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123 के तहत भ्रष्ट आचरण नहीं होते हैं, लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि मुफ्त में रेवड़ियां देने के वादे समाज के सभी वर्गों को प्रभावित करते हैं। न्यायालय ने राजनीतिक दलों को नियंत्रित करने के संबंध में अलग से कानून बनाने का 2013 में सुझाव दिया था। लेकिन इस संबंध में सत्तारूढ़ राजग ही नहीं बल्कि विपक्षी दल भी चुप्पी लगाए हैं।

बहरहाल, सरकार मतदाता सूचियों में मतदाताओं के नाम होने की वजह से फर्जी मतदान की समस्या पर नियंत्रण के लिए आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ने का प्रावधान करने संबंधी निर्वाचन विधि (संशोधन) के माध्यम से जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 23 में संशोधन के प्रस्ताव को संसद से मंजूर कराने में सफल रही है। इस कानूनी प्रावधान का मकसद मतदाता पंजीकरण अधिकारी को ऐसे लोगों की पहचान सत्यापित करने के लिए आधार कार्ड संख्या मांगने का अधिकार प्रदान करता है, जो मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण कराना चाहते हैं। सरकार का कहना है कि एक बार मतदाता सूची से आधार कार्ड को जोड़ने का लक्ष्य हासिल हो जाने पर जब कभी भी कोई व्यक्ति नये पंजीकरण के लिए आवेदन करेगा तो मतदाता सूची की आंकड़ा प्रणाली तत्काल संबंधित अधिकारी या प्रणाली को पहले से मतदाता का नाम सूची में होने के बारे में सतर्क कर देगी। इस विधेयक का विरोध कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों का आरोप है कि इस प्रावधान के माध्यम से मतदाताओं के निजता के अधिकार का हनन होगा। इसके विपरीत, सरकार का दावा है कि इससे फर्जी मतदान रोकने में मदद मिलेगी और मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार का कहना था कि चुनाव सुधारों के संबंध में संसद की स्थायी समिति ने भी सिफारिश की थी कि मतदाता सूची को ठीक करने के लिए आधार कार्ड का उपयोग करना चाहिए। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन को भरोसा दिलाया कि सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर 'नकली एवं फर्जी वोटरों' को खत्म करना चाहती है। इसलिए इसका विरोध नहीं बल्कि स्वागत होना चाहिए। जनप्रतिनिधित्व कानून में एक नया प्रावधान शामिल होने से मतदाताओं के निजता के अधिकार के हनन और मतदाताओं से संबंधित आंकड़े लीक होने जैसी आशंकाओं का निराकरण करते हुए सरकार ने यह भरोसा दिलाया है कि संबंधित आंकड़े सिर्फ निर्वाचन आयोग के पास ही रहेंगे और यह पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। सरकार का कहना है कि मतदान अधिकारी मतदाता की पहचान स्थापित करने मात्र के लिए आधार कार्ड का उपयोग करेंगे। सरकार का यह प्रयास भले ही फर्जी मतदान की घटनाओं पर अंकुश लगाने में कामयाब हो जाए लेकिन इस समय मतदाताओं को मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करके चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने वाले राजनीतिक दलों और इनके नेताओं पर अंकुश लगाना ज्यादा जरूरी है।

उम्मीद है कि सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को दीमक की तरह खोखला कर रहे राजनीतिक दलों के मतदाताओं को प्रलोभन देने के आचरण पर रोक लगाने के लिए भी जनप्रतिनिधित्व कानून में आवश्यक संशोधन करेगी।

## 2021

# निर्यात की ऊंचाई का साल

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

यकीनन वर्ष 2021 निर्यात की ऊंचाई का वर्ष रहा है। 23 दिसम्बर को फेडरेशन ऑफ एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2021-22 की शुरु आत से दुनिया की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के खुलने की वजह से भारत से किए जाने वाले निर्यात में तेजी का दौर रहा है। अप्रैल से दिसम्बर 2021 तक के नौ महीनों में भारत से करीब 300 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया गया है और चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात लक्ष्य प्राप्त होने की पूरी संभावना है। वर्ष 2020-21 के दौरान भारत ने करीब 290.63 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया था।

हाल ही में 20 दिसम्बर को प्रधानमंत्री मोदी के साथ देश की प्रमुख कंपनियों के सीईओ की बैठक के बाद सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप देश को मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने के साथ विदेश व्यापार को भी चमकीली ऊंचाई दिए जाने के लिए तत्परता से आगे बढ़ा जाएगा। नि:संदेह इस समय देश का विदेश व्यापार तेजी से बढ़ने के तीन परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहे हैं। एक; 6 दिसम्बर को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2025 तक 30 अरब डॉलर और आपसी निवेश को 50 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। दो; विगत 23 नवम्बर को भारत-अमेरिका के बीच हुए महझवाकांक्षी व्यापार समझौते से भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2021-22 में 100 अरब डॉलर पार कर सकता है। तीन; इस वित्तीय वर्ष में कोविड-19 की चुनौतियों को दरकिनार करके विभिन्न विकसित और विकासशील देशों के साथ भारत का विदेश व्यापार रिकार्ड ऊंचाई पर है।




गौरतलब है कि हाल ही में रूस के साथ शिखर बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि आतथक क्षेत्र में हमारे रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए हम एक दीर्घकालिक दृष्टि अपना रहे हैं। मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत कोर डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन से हमारा आपसी सहयोग और मजबूत होगा। इस अवसर पर पुतिन ने कहा कि दोनों देशों के बीच इस वर्ष 2021 के पहले 9 महीनों में द्विपक्षीय व्यापार में 38 फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2020 में भारत और रूस का द्विपक्षीय व्यापार करीब 9 अरब डॉलर मूल्य का था। भारत व रूस की इस शिखर बैठक के बाद अब रूस के साथ खाद्य, कृषि, ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, बुनियादी ढांचे, परिवहन, आईटी अंतरिक्ष, डिजिटल, विकास प्रौद्योगिकी विकास, हेल्थ केयर, फार्मास्यूटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टक, औषधि, खिनज तथा पेपर उद्योग जैसे क्षेत्रों में आपसी परियोजनाएं और व्यापार बढ़ने की जोरदार संभावनाएं आगे बढ़ी हैं। अब अमेरिका के साथ नये समझौते से दोनों देशों के बीच ऊंचाई भरा द्विपक्षीय कारोबार दिखाई दे सकेगा। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 2019-20 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 88.75 अरब डॉलर का रहा। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में कोरोना आपदा के कारण यह करीब 80 अरब डॉलर रहा था। अमेरिका के साथ नये व्यापार समझौते से चालू वर्ष 2021-22 में द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर के आंकड़े को सरलता से पार करते हुए दिखाई दे सकेगा। नि:संदेह रूस और अमेरिका के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ताओं से जहां इन दोनों आतथक महाशक्तियों के साथ भारत के लिए तेजी से व्यापार बढ़ने की संभावनाएं प्रबल हुई हैं, वहीं भारत ने जिन 150 से अधिक देशों को कोरोना संक्रमण से निजात पाने के लिए आयुर्वेदिक दवाइयां निर्यात की हैंग उन देशों में भी अब भारत से कृषिग दवाई और विविध सामानों का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुताबिक भारत में चालू वित्त वर्ष में रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकार्ड फल व सब्जियों के उत्पादन होने के अनुमानों के मद्देनजर इनके निर्यात की नई संभावनाएं भी बढ़ी हैं। ऐसे में अमेरिका व रूस के साथ साथ विभिन्न देशों के लिए कृषि व खाद्य प्रसंस्कृत वस्तुओं की मांगों के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में कृषि निर्यात किए जा सकेंगे। ऐसे में चालू वित्त वर्ष 2021-22 में कृषि निर्यात 43 अरब डॉलर के स्तर को पार करते हुए दिखाई दे सकेगा। देश के विदेश व्यापार बढ़ने और निर्यात में तेजी आने के कई कारण हैं। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बीच विनिर्माण क्षेत्र को लॉकडाउन से बाहर रखने के कारण उत्पादन में गतिरोध नहीं आया। हम उम्मीद करें कि भारत द्वारा हाल ही में अमेरिका व रूस के साथ जिस तरह द्विपक्षीय व्यापार के लिए प्रभावी कदम बढ़ाए गए हैं, उनसे इन दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार तेजी से आगे बढ़ेगा। साथ ही इस वर्ष दुनिया के विकसित और विकासशील देशों के साथ भारत द्वारा विदेश व्यापार बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों से चालू वित्त वर्ष 2021-22 में देश से निर्यात लक्ष्य के अनुरूप 400 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई देगा। इससे देश में रोजगार के नये मौके नितमत होंगे और देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail:gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

# नवनियुक्त खंड शिक्षाधिकारी ने उरुवा में संभाला पदभार?

संवाददाता

### रमेश कुमार सिंह बने उरुवा के खंड शिक्षाधिकारी



उरुवा प्रयागराज। कार्यालय शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के आदेशानुसार उरुवा ब्लॉक में तैनात रहे खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव का प्रशासनिक स्थानान्तरण जनपद बांदा में हो जाने के कारण उक्त खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा के पद पर रमेश कुमार सिंह (खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय) को उरुवा का प्रभार सौपा गया है। जिन्होंने कल बीआरसी उरुवा के कार्यालय में नए एबीएसए के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। गौरतलब है कि राजेश यादव कुछ माह पहले ही गैर जनपद से तबादले पर प्रयागराज आये थे। उनके तबादले को लेकर विभाग में तरह-तरह की चर्चाएं है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि अगले आदेश तक खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार सिंह उरुवा का प्रभार देखेंगे। इसके साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय की जिम्मेदारी नगर क्षेत्र के एबीएसए शिव औतार को सौपी गई है। नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा रमेश कुमार सिंह ने कहा कि वह एक समन्वय स्थापित कर विकास खंड उरुवा को आगे ले जाने हेतु सम्यक प्रयास करेंगे और किसी भी कार्य मे कोई गतिरोध नही आने पायेगा।

## जिला पंचायत इंटर कॉलेज औता में अज्ञात चोरों ने सीसीटीवी कैमरा व दो सीलिंग फैन किया पार

संवाददाता

**उरुवा प्रयागराज ।** उरुवा ब्लाक के अंतर्गत जिला पंचायत इंटर कॉलेज औता में चोरों ने 2 सीसीटीवी कैमरा व दो सीलिंग फैन किया पार।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत इंटर कॉलेज औता में 15 दिसंबर 2021 को बीती रात को चोरों ने इंटर कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे दो सीलिंग फैन को किया चोरी जब सुबह विद्यालय खुला तो प्रधानाचार्य पवन कुमार शुक्ला ने देखा कि कमरे में लगे 2 सीसीटीवी कैमरा व दो सीलिंग फैन अज्ञात चोरों ने किया पार। कई दिनों से प्रयास में लगे कि जो भी व्यक्ति ले गया दें दे लेकिन ना मिलने पर 28 दिसंबर को जिला पंचायत इंटर कॉलेज औता के प्रधानाचार्य पवन कुमार शुक्ला ने मेजा थाना प्रभारी व चौकी जेवनिया में तहरीर देकर उक्त पर उचित कार्रवाई करने के लिए दिए तहरीर।

## महावीर में नए छात्रों के लिए हुआ आगाज-2021 का आयोजन




■ मेरठ

महावीर एजुकेशनल पार्क के शिक्षा विभाग में नवागुन्तक छात्रों की फ्रेशर पार्टी आगाज-2021 का शुभारम्भ कुबेरदत्त शर्मा, सतीश राघव, डा. आशीश बालियान, विक्रान्त यादव एवं अंकुश शर्मा ने मां सरस्वती को माल्यापर्ण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। संस्थापक कुबेरदत्त शर्मा ने कहा कि सभी छात्रो को सर्वोत्तम शिक्षण संसाधनों, व्यवहारिक अनुभव और प्रशिक्षण विधियों से लैस करने में हर सम्भव प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम में ग्रुप डांस, सोलो डांस तथा म्यूजिकल प्ले आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## तीन अंतर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार

■ बुलंदशहर

अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनकेनिशानदेही पर चोरी की 10 बाईक, चाबियों के दो गुच्छे व दो पेंचकस बरामद कर जेल भेजा है। एसएसपी संतोष कुमार सिंह के फरमान के बाद एसपी देहात बजरंग बली चैरसिया के निर्देशन मेंप्रभारी निरीक्षक डिबाई सुभाष सिंह के नेतृत्व मेंबीतीरात उपनिरीक्षक विक्रम सिंह व विमल कुमार यादव अधिनस्थो के साथ वांछित अपराधियो की धरपकड कोगश्त करते हुए गोविंदपुर फाटक पर पहुंचेतो उन्हे मुखबिर से चार युवको के चोरी की दो बाईको पर सवार होकर औरंगाबाद कसेर रोड़ से धर्मपुर चौराहे से चोरी की दो बाईक स्प्लेंडर व पैशन प्रो को लेकर कहीं जाने की सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम धर्मपुर चैराहा पर पहुंच चेकिंग करने लगी। कुछ देर बाद ग्राम औरंगाबाद कसेर की तरफ से दो बाईक आती देख पुलिस ने उन्हे टॉर्च की रोशनी दिखा रुकने का इशारा किया। सामने पुलिस को देख चालक हडबडा गये और बाईक पीछे की ओर मोड भागने का प्रयास करने लगे।

बाईको पर पीछे बैठे दोयुवक चलती बाईको से कूद भाग गये। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों बाईको के चालक थाना छतारी क्षेत्र के शिवकुमार व कोतवाली डिबाई क्षेत्र के योगेश को गिरफ्तार कर लिया।

## ई-रिक्शा चुराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन चोर गिरफ्तार

■ बुलंदशहर

ई रिक्शा चोरी कर 40 हजार रूपए मे बेचने वाले अंतर्राज्यीय ई-रिक्शा चोर गिरोह केतीन बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दिल्ली से चोरी चार ई-रिक्शा, तमंचा, कारतूस बरामद कर जेल भेजा है। एसपी सिटी सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने बताया कि एसएसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक सिकन्द्राबाद धर्मेन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में दिनांक बीतीरात उपनिरीक्षक इमाम जैदी व धर्मेन्द्र यादव अधिनस्थो के साथ वांछित एवं इनामी बदमाशो की धरपकड कोगश्त करते हुए ग्राम आढ़ा गेट मैन रोड़ पर पहुंचे।

इस दौरान उन्हेमुखबिर से कुछ बदमाशोद्वारा चोरी के ई-रिक्शाओ को किसी स्थान से चोरी कर ग्राम आढ़ा जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों के अंदर छिपाकर खड़ी कर ठिकाना लगाने की फिराक मेंखडे होने की सूचना मिली। पुलिस ने इस संबंध में प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम आढ़ा जाने वाले रास्ते पर पहुंची और जंगल में छिपकर कुछ दूरी से देखा कि कुछ ई-रिक्शा झाड़ियों में छिपाकर खडे किए गए हैं जिन पर तीन युवक बैठे हैं।

### *प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए विधायक ने किया जनसंपर्क*



**मेरठ।** सरधना क्षेत्र के सलावा गांव में मेजर ध्यानचंद खेल विवि का शिलान्यास करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनवरी को आ रहे है। उनके कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए विधायक संगीत सोम ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गॉव में नुक्कड़ सभा कर जनसम्पर्क किया। बुधवार को विधायक ने छबड़िया, चांदना, जुल्हेड़ा, अहमदाबाद, छोटी मढ़ीयाई, मानपुरी, मेहरमती मीणा, नवाबगढ़ी, मिलक, टेहरकी, मदारपुरा, कुलंजन, अलीपुर आदि गांवों में जनसंपर्क किया।

### पिछली बार 65 में से 57 विस सीटें भाजपा ने ब्रज क्षेत्र में जीती थी

# अलीगढ़ में शाह की जनसभा के लिए भाजपा ने कसी कमर

■ अलीगढ़



क्वार्सी स्थित सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी की महानगर और जिला के जनप्रतिनिधियों ने एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अलीगढ़ में होने जा रही अमित शाह की विशाल जनसभा को लेकर यह पत्रकार वार्ता का आयोजन रखा गया है। अलीगढ़ में होने जा रही इस विशाल जनसभा में भारत के गृह मंत्री अमित शाह तालानगरी में पधारेंगे। जनपद में रहने वाले आम जनमानस के बीच में और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा यह संदेश पहुंचना चाहिये। जब भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा आम जनमानस तक यह संदेश पहुंचेगा तो अमित शाह को सुनने के लिए अलीगढ़ की जनता ताला नगरी पहुंचेगी। भारतीय जनता पार्टी इस यात्रा के माध्यम से केंद्र और प्रदेश की नीति को बताते हुए जो आम जनता का विश्वास जीता है उस आधार पर अपनी उपलब्धियों को जनता के बीच में अमित शाह बताने का कार्य करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने और कहा कि पिछली बार चुनाव में 65 में से 57 सीटें हमने अपने ब्रज क्षेत्र में जीती थी 13 में से 12 लोकसभा हमने ब्रज क्षेत्र में जीती थी और 129 ब्लॉक प्रमुख में 119 ब्लॉक प्रमुख भाजपा के हैं, जिला पंचायत अध्यक्ष 12 में से 11 भाजपा के हैं। भारतीय जनता पार्टी ने 2017 विधान सभा चुनाव जीता 2019 में लोकसभा चुनाव जीता, और अब 2019 के चुनाव जीते के बाद केन्द्र में सरकार की बनी और अब 2022 आ चुका है हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि आगामी चुनाव में 350 से अधिक सीट जीतकर आम जनता का विश्वास जीतेंगे और फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे।

### भाजपा के लिए ब्रज क्षेत्र का महत्व

**2029 लोस चुनाव में भाजपा ने ब्रज क्षेत्र में 13 में से 12 सीटें जीती थीं। यहां 129 ब्लॉक प्रमुख में 119 ब्लॉक प्रमुख भाजपा के हैं, 12 जिला पंचायत अध्यक्ष में से 11 भाजपा के हैं।**

### *श्मशान गृह की गली की हालत दयनीय, दिया प्रार्थना पत्र*



**अलीगढ़ ।** शहर में जैन समुदाय का एक मात्र श्मशान गृह है जो कृष्णापुरी मठिया पर है। जिसकी गली की काफी दयनीय हालत है। बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण जलभराव स्थिति हमेशा बनी रहती है जिस कारण शवयात्रा मे शामिल होने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है। जैन मिलन वर्द्धमान के पदाधिकारीयों द्वारा एक प्रार्थना पत्र नगर आयुक्त नगर निगम गौरांग राठी हेतु उपसभापति पुष्पेन्द्र जादौन को दिया गया। उन्होंने आश्वाशन दिया जल्द ही निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा कराया जायेगा। वार्ड पार्षद नरेन्द्र वार्ष्णेय को भी इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है। प्रार्थना पत्र देने मे जैन मिलन वर्द्धमान के अध्यक्ष मोहित जैन, मंत्री मयंक जैन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महांमत्री विशाल जैन बौनर एवं उद्योगपति उदित अग्रवाल उपस्थित थे।

## समाजवादी पार्टी के विधायक एवं प्रत्याशी हाजी तसलीम अहमद का मोहल्ला मुगलूशाह में फूल मालाओं से स्वागत हुआ

संवाददाता

नजीबाबाद मोहल्ला मुगलूशाह स्थित अशरफ एडवोकेट के आवास पर एक स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अदब सिटी के मालिक हाजी दिलशाद अहमद ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी का दामन थामा। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने हाजी दिलशाद अहमद को समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा का जिला उपाध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा। स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि सपा विधायक एवं प्रत्याशी हाजी तस्लीम अहमद ने कहा कि कुछ चंद लोग जिनका आपसे कोई मतलब नहीं, अब आपके बीच में आकर विकास की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी मे ही पूरे प्रदेश का विकास संभव है। माननीय अखिलेश यादव जी जो वादा करते हैं उसे पूरा निभाते हैं। इस बार उन्होंने वादा किया है कि प्रदेश की जनता को 300 यूनिट बिजली मुफ्त और युवाओं को पहली कैबिनेट मीटिंग में ही रोजगार उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार युवाओं ने एक लाख से पार का नारा दिया है और मुझे यकीन है कि नजीबाबाद विधानसभा में समाजवादी पार्टी एक लाख से ऊपर जाएगी।



### *स्पोर्ट्स मीट में खिलाड़ियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन*



**मेरठ।** नेशनल हाईवे 58 स्थित स्वर्गीय मलखान सिंह भारद्वाज मार्ग पर एमएसबी इंटरनेशनल स्कूल के स्पोर्ट्स मीट 2021 के दूसरे दिन शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर उदय ओरताप साही एवं नवनीत पाठक रहे। मुख्य अतिथि ने कहा की खेल के माध्यम से बच्चे अपनी मंजिल का रास्ता खुद तय करते है। दौड़ में कनिका, अर्णव, सोनू कुमार, मोनिका, विकास, कविता, निकुंज पोसवाल ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पुष्कर चौहान, डॉ. राजीव भारद्वाज, पवन भारद्वाज, डॉक्टर. दीपाली गुप्ता, दुर्गेश पालीवाल, मोहम्मद रईस, मनीष अहलावत, शशि शर्मा, रविंद्र शर्मा, मनीष कुमार, विभा शर्मा, मानसी शर्मा मौजूद रहे।

## सुनहेड़ा के कुख्यात विक्की का मकान किया गया सील

■ बागपत



थाना खेकड़ा क्षेत्र के सुनहेड़ा के कुख्यात विक्की उर्फ विक्रांत की संपत्ति को जिलाधिकारी राजकमल यादव के आदेश पर सील कर दिया गया। हालांकि उसकी मां और बहनों ने विरोध किया, मगर सीओ ने उन्हें सक्षम न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने की बात कहते हुए समझाकर शांत किया। गांव सुन्हैड़ा निवासी कुख्यात विक्की उर्फ विक्रांत के खिलाफ दिल्ली और मध्य प्रदेश के अलावा यूपी के आगरा, गाजियाबाद, मेरठ, दौराला, खेकड़ा, बागपत आदि थानों में लूट, रंगदारी आदि के 20 मुकदमे दर्ज है। काफी दिनों से विक्की गाजियाबाद की डासना जेल में बंद है। पिछले सप्ताह जिलाधिकारी राजकमल यादव ने उसे गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए जाने के आदेश पारित किए थे। खेकड़ा पुलिस को सुन्हैड़ा गांव में स्थित उसकी संपत्ति को कुर्क करने को कहा गया था। 26 दिसंबर को खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने सुन्हैड़ा गांव में पहुंचकर लाउड स्पीकर से 24 घंटे के अंदर विक्की की मां को मकान खाली कर देने का अल्टीमेटम दिया था। 27 दिसंबर को सीओ युवराज सिंह और कोतवाली प्रभारी देवेश शर्मा पुलिस बल के साथ विक्की की संपत्ति को कुर्क करने के लिए सुन्हैड़ा पहुंचे थे। लेकिन वहां जैसे ही पुलिस ने विक्की के मकान को सील करने की प्रक्रिया शुरू की, तभी विक्की की मां और बहनें विरोध करने लगी।

### *रेस्टोरेंट की दीवार तोड़ हजारों का माल चोरी*

**सिकंद्राबाद।** फास्ट फूड की दुकान मेंनकब लगाकर बदमाशो नेहजारो रूपए की नगदी व सामान चोरी कर लिया। पीडित ने थाना पर अज्ञात बदमाशो के विरूद्ध तहरीर दी है। कोतवाली सिकंद्राबाद क्षेत्र के सिरोधन रोड स्थित अतुल यादव का फास्ट फूड का रेस्टोरेंट है। बताया जाता है कि देरात करीब 10 बजे वह रेस्टोरेंट बंद कर अपने घर चले गए। बुधवार की प्रात रेस्टोरेंट खोलने पहुचे पीडित ने दीवार मे नकब लगा देख उसके होश उड गये। बदमाशो ने रात उसके रेस्टोरेंट की दीवार मे नकब लगाकर दो बैटरी, इन्वर्टर, एक एलईडी टीवी व गल्ले में रखी हजारों की नकदी चुरा ली। पीडित ने थाना पर अज्ञात बदमाशो के विरूद्ध तहरीर दी है। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज के सहारे बदमाशो की पहचान मे जुटी है।

## भाग रहे युवकों ने कार से दरोगा और सिपाही को कुचलने का प्रयास किया

■ मेरठ



थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर पहुंचे युवकों ने अपनी कार में तेल भरवाया और पैसे दिए बगैर ही कार लेकर भाग गए। पेट्रोल पंप कर्मियों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस ने कार की घेराबंदी की तो भीतर बैठे युवकों ने पुलिस के ऊपर ही कार चढ़ा दी, जिससे 2 सिपाही बाल-बाल बच गए। तकरीबन 15 मिनट तक कार शहर में घूमती रही। बाद में पुलिस ने पिस्टल दिखाकर कार को रुकवाने में सफल हुई। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में स्थित गाजी पेट्रोल पंप पर पहुंचे दो युवकों ने अपनी कार में 3500 रूपये का पेट्रोल डलवाया और दोनों युवक पैसे दिए बगैर ही पेट्रोल पंप से अपनी कार को लेकर भाग निकले। इस दौरान पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारियों ने पीछा कर कार सवारों को रोकने का प्रयास भी किया, मगर सफलता हाथ नहीं लग सकी। घटना के संबंध में तुरंत ही डायल 112 पर जानकारी दी गई। सूचना पाते ही पीआरवी 538 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पेट्रोल भरवाकर भागी कार का पीछा करना शुरू कर दिया। कार की घेराबंदी करते हुए जब पुलिस ने उसे रुकवाने का प्रयास किया तो कार सवार युवक भागने लगे। हापुड़ अड्डे के पास एक सिपाही और दारोगा के ऊपर कार के भीतर बैठे युवकों ने अपनी कार को चढ़ाने का प्रयास किया।

### *68 दिव्यांग बच्चों ने प्रमाण पत्र के लिए कराया नामांकन*

**स्योहारा।** समग्र शिक्षा अभियान राज्य परियोजना उप्र के अंतर्गत विकासखंड बुढ़नपुर ब्लॉक के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दिव्यांग प्रमाण पत्र से वंचित दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए प्राथमिक विद्यालय में शिविर का आयोजन किया। शिविर में डॉ. यादवेंद्र सिंह, डॉक्टर दीपा गोयल, डॉक्टर ओम प्रकाश, सय्यद फरहत अली, लियाकत अली, ओमवीर सिंह, अनिरुद्ध यादव, विजय पाल सिंह और नाजरीन का सहयोग रहा।

## देश व प्रदेश में अराजक तत्वों का बोलबाला, मुकाबला करें: प्रियंका

■ मथुरा



बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में मथुरा जनपद की पाँचों विधानसभाओं से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली से फिरोजाबाद कार्यक्रम में भाग लेने जा रही कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी का यमुना एक्सप्रेस वे के जावरा कट पर शहनाई और बैंड बाजों के साथ पटुका और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत कर बाँके बिहारी की छवि भेंट की। साथ ही मथुरा में आयोजित छात्राओं की लड़की हूं लड़ सकती हूं मैराथन दौड़ में भाग लेने का अनुरोध किया।

अपने स्वागत करने आए पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि डरो मत आगे बढ़ो आज देश और प्रदेश में अराजक तत्वों का बोलबाला है। सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता उनसे डटकर मुकाबला करें।

### *जूते की दुकान में लगी आग, लाखों का माल स्वाहा*

**सिकंद्राबाद।** जूतों की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगने से लाखों रुपए का माल जलकर स्वाहा हो गया। फायर ब्रिगेड कर्मियोके फोन न उठाने से लोगों में भारी रोष है। लोगों ने समरसेबल व नाले के पानी से किसी तरह आग पर काबूपाया। कस्बा सिकंद्राबाद के मोहल्ला झारखंडी निवासी शाकिर पुत्र शाहिद की ओम प्लेस सिनेमा हॉल के पास डिजायनर शू कलेक्शन के नाम से जूतों की दुकान है। बताया जाता है कि बुधवार को साप्ताहिक बंदी के चलते वह प्रात करीब साढे 11 बजे दुकान की सफाई कर बंद करके चला गया था। कुछ देर बाद दुकान से धुआं उठने लगा। जिसे देख आसपास के लोगों ने सूचना पीडित को दी।

## अनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी अनुप्रयोग कार्यशाला का हुआ समापन

■ मेरठ





स्वामी विवेकानन्द सुभारती विवि के शिक्षा संकाय के शारीरिक शिक्षा विभाग में अनुसंधान पद्धति एवं सांख्यिकी अनुप्रयोग के विषय पर चल रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला का शुभारंभ समन्वयक डॉ. मंजू अधिकारी एवं सहायक प्रोफेसर डॉ विभालक्ष्मी ने किया। डॉ. मंजू अधिकारी एवं डॉ विभालक्ष्मी ने सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ शल्या राज, प्रति कुलपति डॉ अभय शंकर गौड़ा, मुख्य वक्ता डॉ राजीव चैधरी, डॉ बरखा भारद्वाज, शिक्षा संकाय के डीन डॉ संदीप कुमार एवं शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ अनोज राज एवं उपस्थित विद्वानों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

कुलपति डा. जी.के. थापलियाल ने संकाय अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार को बधाई दी। प्रोफेसर डॉक्टर संदीप कुमार ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी अनुप्रयोग के प्रति जागरूकता प्राप्त हुई है।

प्रोफेसर डॉ राजीव ने अनुसंधान पद्धति और सांख्यिकी अनुप्रयोग की मूल अवधारणा एवं एवं अनुसंधान के वर्गीकरण के विषय में चर्चा की। अंतिम दिन में प्रथम सत्र में सामान्यता का परीक्षण के विषय में एवं एनोवा के अनुप्रयोग के विषय में विस्तृत से अवगत कराया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## जीएसटी बढ़ाने के विरोध में सड़क पर उतरे भट्टा व्यवसायी, किया कलेक्ट्रेट का घेराव

■ बुलंदशहर



ईट भट्टों पर 5 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत जीएसटी करने के विरोध मेईट भटटा व्यवसाईयो ने ईट निर्माता समिति के बैनर तलेबैठक आयोजित कर कलैक्ट्रेट गेट पर धरना दे हंगामा काट नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। शहर केमौहल्ला शिवपुरी स्थित मदन कुटरी पर बुधवार को ईट निर्माता समिति के बैनर तलेईट भटटा व्यवसाईयो की बैठक समिति अध्यक्ष वीर सिंह की अध्यक्षता व मीडिया प्रभारी संजय गोयल केसंचालन मेआयोजित की गयी। समिति अध्यक्ष वीर सिंह ने कहा कि सरकार भली प्रकार जानती है कि ईंट उद्योग ग्रामीण कुटीर सीजनल प्रकृति का उद्योग है मैन्युफैक्चर सेक्टर के 40 लाख रुपये तक सालाना टर्न ओवर कर मुक्त है जिसे घटाकर 20 लाख रुपये सालाना टर्नओवर कर मुक्त करना व्यापारियों के साथ घोर अन्याय है। वर्तमान में डेढ़ करोड़ टर्नओवर तक कंपोजीशन सीमा है उसे बढ़ाना व्यापारी हित मे उचित नही है। मीडिया प्रभारी संजय गोयल ने कहा की कोरोना काल में सभी व्यापारियों को काफी नुकसान झेलना पड़ा है ऐसे मे व्यापार करना और अपने व्यापार के अस्तित्व को बनाए रखना बहुत मुश्किल हो गया है। देश के विकास मेंमहत्वपूर्ण योगदान अदा करने वाला भट्टा व्यापारी आज खासा परेशान है।

### *धार्मिक स्थल पर फेंके गोवंश अवशेष, हिंदू संगठनों में रोष*

**मेरठ।** थाना खरखौदा क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय माहौल बिगड़ने से बच गया, गांव फफूंडा स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल पर गोवंश के अवशेष मिले। इससे ग्रामीणों में रोष फैल गया। जानकारी पर हिंदू संगठनों में रोष फेल गया। जानकारी पर पहुची पुलिस ने मौके से अवशेषों को उठवाकर मिट्टी में दबवाया। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

फफूंडा के प्राचीन शिव मंदिर में आज सुबह ग्रामीण जब पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो वहां मंदिर परिसर में गोवंश के अवशेष पड़े देखकर नाराजगी जताई। मौके पर अन्य ग्रामीण भी एकत्र हो गए। वहीं परिसर में ही बने हनुमान मंदिर पर भी गोवंश अवशेष पड़े मिले। इस पर ग्रामीणों में रोष फैल गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाबुझाकर शांत किया और अवशेष उठाकर मिटटी में दबवा दिए।

## हेल्पलाइन सोसाइटी ने 300 निर्धनों को रजाई वितरित की

■ स्योहारा



हेल्प लाइन सोसाइटी के तत्वाधान में एमक्यू इंटर कॉलेज में रजाई वितरण कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष सुहैल जफर ने 300 गरीब और असहाय लोगो को लिहाफ वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवी संजय जैन, अरुण कुमार वर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल को संस्था की ओर से वर्ष 2021 का एक्सीलेंट अवार्ड दिया गया। संचालन फहीम अहमद ने किया। कार्यक्रम में परेश कुमार जैन, डॉक्टर एचएस कालरा, नगर पालिका अध्यक्ष अख्तर जलील, मेजर रईस अहमद चौधरी, महबूब जैदी, संजय जैन, दानिश कमाल, डॉक्टर यज्ञ दत्त गौड़, जावेद शम्स, कारी नजीर, अहमद अली, अजहर अहमद, राजपाल प्रजापति, अनिल चौधरी, रईस अहमद आदि रहे।

## छात्रों को दी आग बुझाने की ट्रेनिंग



**स्योहारा।** विद्यालय में छात्र छात्राओं को आग से बचने और आग को बुझाने की ट्रेनिंग दी गई। ब्लाक बुढ़नपुर क्षेत्र के गांव नरावली के राजकीय हाई स्कूल विद्यालय में छात्र और छात्राओं को आग से बचने के तरीके और आग को बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। धामपुर फायर स्टेशन अधीक्षक रामानंद शर्मा ने अपनी टीम एएसआई अरविंद कुमार, एएसआई सत्यवीर सिंह यादव, और सुरेश चंद के साथ विद्यालय का भ्रमण किया। एएसआई सत्यवीर सिंह यादव ने छात्र-छात्राओं को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अलावा विद्यालय के प्रिंसिपल जितेंद्र सिंह यादव, नोडल शिक्षक सत्येंद्र कुमार, मनीराम सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### *वर्चस्व को लेकर छात्रों के दो गुटों में जमकर चले हॉकी, डंडे, दो छात्र घायल*

**मेरठ।** मवाना में वर्चस्व को लेकर छात्रों के दो गुट बुधवार सुबह मोहल्ला तिहाई में सत्संग भवन के पास भिड़ गए। दोनों पक्षो में जमकर हॉकी और डंडे चले। जिसमें दो छात्र घायल हो गए। हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के किशोरपुर गांव निवासी विकास पुत्र बल सिंह व राजन पुत्र मांगेराम नगर स्थित एएस इंटर कालेज में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र हैं। बुधवार को लगभग नौ बजे दोनों कालेज जा रहे थे। जैसे वे मोहल्ला तिहाई में सत्संग भवन के पास पहुंचे तो पहले से ही घात लगाए खड़े लगभग बीस युवकों डंडे व बेल्ट से उन पर हमला कर दिया।



# जाह्नवी कपूर

## ने Tirumala मंदिर में की पूजा, ट्रेडिशनल लुक हुआ वायरल

बॉलीवुड सेलेब्स के कई बच्चे अब तक एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कदम रख चुके हैं. जिनमें सारा अली खान, अनन्या पांडे और जाह्नवी कपूर लगभग हम उम्र ही हैं. सारा और जाह्नवी कपूर (Janhvi Kapoor) के बीच की दोस्ती अक्सर सोशल मीडिया पर दिख भी जाती है. दोनों साथ में कई बार ट्रिप पर भी जाती हैं और वर्कआउट करना भी पसंद करती हैं. वहीं सारा और जाह्नवी के लुक्स भी हमेशा ही चर्चा में रहते हैं. हाल ही में जाह्नवी कपूर (Janhvi Kapoor) की कुछ तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिनमें जाह्नवी का ट्रेडिशनल लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है.

दरअसल, जाह्नवी कपूर (Janhvi Kapoor) रविवार को अपनी दोस्त के साथ तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंची थीं. इस दौरान जाह्नवी दक्षिण भारतीय लड़कियों द्वारा पारंपरिक रूप से पहनी जाने वाली साड़ी और गहने पहने थे. मंदिर में पूजा के बाद जाह्नवी कपूर ने रंगनायकुलु मंडप में पुजारियों से प्रसाद और आशीर्वाद भी लिया. जाह्नवी ने पिंक साड़ी के साथ गोल्डन रंग का ब्लाउज पहना था जो उन पर जच रहा था. ट्रेडिशनल लुक में जाह्नवी बला की खूबसूरत लग रही हैं.



ऐसा पहली बार नहीं है जब जाह्नवी कपूर (Janhvi Kapoor) ने ट्रेडिशनल लुक से कहर ढाया हो. इससे पहले भी कई बार जाह्नवी कपूर अपने ट्रेडिशनल लुक से फैंस को हैरान कर चुकी हैं. श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं जिनमें वो पिंक और व्हाइट रंग की फूलों वाली साड़ी में नजर आ रही थीं. इस दौरान जाह्नवी ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए बड़े-बड़े झुमके कैरी किए थे.

जाह्नवी ने अपने पापा बोनी कपूर और बहन खुशी के साथ भी साड़ी में तस्वीरें शेयर की थीं जो दर्शकों को पसंद आई थीं. इन तस्वीरों में जाह्नवी कपूर लाइट ग्रीन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं जिस पर मिरर वर्क किया गया है.

जाह्नवी कपूर ( Janhvi Kapoor) के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में जाह्नवी ने फिल्म ख्द्धय्द्ध की शूटिंग खत्म की है. इस फिल्म को बोनी कपूर (Boni Kapoor) प्रोड्यूस कर रहे हैं. इसके अलावा जाह्नवी कपूर (Janhvi Kapoor) की आने वाली फिल्मों में गुड लक जेरी, मिस्टर एंड मिसेज माही और दोस्ताना 2 शामिल है. जाह्नवी ने एक्टर ईशान खट्टर के साथ फिल्म धड़क से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. फिल्म को दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था.

## यशा रुघनी कभी कभी इत्तेफाक से में अपने किरदार को लेकर की बात



टीवी अभिनेत्री यशा रूघानी आगामी डेली सोप कभी कभी इत्तेफाक से में दिखाई देंगी।अभिनेत्री गुनगुन भटनागर का एक जटिल किरदार निभाने के बारे में बात करती है।वह कहती है कि गुनगुन एक ऐसा चरित्र है जो बहुत ही अनोखा, बहुत अलग और बहुत दुर्लभ है। यह अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार है जिसे मैं निभाने जा रही हूं। गुनगुन जैसे लोगों को अक्सर गलत समझा जाता है। फिर भी, वह एक अच्छे दिल वाली है। उसके पास संघर्षों का अपना एक हिस्सा है और वह अपनी भावनाओं के लिए काफी सुरक्षात्मक है जो उसे चित्रित करने के लिए एक बहुत ही कठिन चरित्र बनाती है। साथ ही साथ हालांकि, वह कोई है जो इस पीढ़ी से संबंधित है।

29 वर्षीय अभिनेत्री ने इस किरदार को पर्दे पर निभाने के लिए की गई विभिन्न तैयारियों के बारे में आगे बताया।जैसा कि मैंने कहा, मैं जो किरदार निभा रही हूं वह नियमित लोगों से काफी अलग है जो हम अक्सर देखते हैं। मैं किरदार में व्यवहारिक समानताएं और तरीके खोजने की कोशिश कर रही है जिससे मैं चरित्र से संबंधित हो सकती हूं। मैं व्यक्तिगत रूप से एकमात्र बच्ची हूं और वास्तव में लाड़ प्यार के बीच रही हूं और ऐसा ही गुनगुन के साथ भी है, इसलिए मैं उन समानताओं को अपने और उसके बीच खींचने की कोशिश कर रही हूं।

यह पूछे जाने पर कि दर्शक शो से कैसे जुड़ेंगे और उनके लिए क्या खास है, उन्होंने जवाब दिया अभी बहुत कुछ है! बहुत प्यार है, जो आप अपने परिवार के प्रति महसूस करते हैं और ढेर सारी हंसी है। शो खुशियों से भरा है और किसी भी नकारात्मकता का कोई अंश नहीं। यह किसी के जीवन में रिश्तों के महत्व के बारे में है।

डिस्क्लेमर: यह आईएएनएस न्यूज फीड से सीधे पब्लिश हुई खबर है. इसके साथ न्यूज नेशन टीम ने किसी तरह की कोई एडिटिंग नहीं की है. ऐसे में संबंधित खबर को लेकर कोई भी जिम्मेदारी न्यूज एजेंसी की ही होगी.

## अर्जुन के प्यार में इस कदर खोई मलाइका कि गिरते-गिरते बचीं! वरना...



बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा (Malaika Arora) अक्सर अपने हॉट लुक्स के चलते चर्चा में रहती हैं. उनकी तस्वीरें और वीडियो अक्सर इंटरनेट पर छाए रहते हैं. हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जिसमें दिख रहा है कि मलाइका ( Malaika Arora) गिरते-गिरते बच जाती हैं. उनके इस वीडियो पर लोग तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं. जहां कुछ लोग ने संभलने पर उन्हें एप्रिशीएट किया हैं तो वहीं कई लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं.

बता दें कि ये वीडियो विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. जिसमें मलाइका (Malaika Arora) एक कार से उतरती नज़र आ रही हैं. लेकिन तभी वो हाई-हील्स के चलते डिसबैलेंस हो जाती हैं. जिसके चलते वो अपना संतूलन खो देती हैं. हालांकि, पास में खड़ा कोई शख्स उन्हें संभाल लेता है. जिसके चलते वो गिरने से बच जाती हैं. जिसके बाद मलाइका कॉन्फिडेंस से पैपराजी के सामने पोज़ देती नज़र आती हैं. उनका अंदाज़ देखने लायक है.

मलाइका (Malaika Arora) ने यहां ब्रालेट और शॉर्ट्स के साथ जैकेट लेयर कर रखा है. इसके साथ उन्होंने नेकलेस कैरी किया है, जो उनके लुक को पूरा कर रहा है. हाई-हील्स और साइड बैग के साथ मलाइका का लुक और भी अमेज़िंग लग रहा है. लेकिन ज़रा सी चूक होती तो यही हाई हील्स उनके गिरने की वजह बन जाती. इसी को लेकर अब उन्हें ट्रोल किया जा रहा है.

जहां एक यूज़र ने कमेंट्स करते हुए लिखा, इतनी हाई-हील्स पहनने की जरूरत ही क्या थी? दूसरे यूज़र ने कमेंट किया, अरे अरे...सस्ते नशे का असर. एक अन्य यूज़र ने लिखा, और करो फैशन. कुछ लोगों ने लिखा, मलाइका मैम गिर जाती तो गज़ब बेइज्जती होती. इसके अलावा कई यूज़र्स ने इस वीडियो पर हंसने वाला इमोजी शेयर किया है.

# सुष्मिता सेन

## ने ब्रेक-अप के बाद की खुश रहने के लिए कही रिस्क लेने की बात





बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व ब्यूटी क्वीन सुष्मिता सेन ने हाल ही में अपने प्रेमी रोहमन शॉल के साथ ब्रेक-अप की घोषणा की है। सुष्मिता सेन ने शनिवार को एक क्रिप्टिक मैसेज सोशल मीडिया पर शेयर किया।सुष्मिता ने लिखा कि उनका रिश्ता लंबा था। दोनों अब भी बहुत अच्छे दोस्त हैं।सेन ने रविवार को इंस्टाग्राम पर अपनी एक क्लोज-अप तस्वीर साझा की और लिखा कि खुश रहने के लिए जीवन में जोखिम उठाना पड़ता है और यह आसान बात नहीं है।


अभिनेत्री ने तस्वीर के कैप्शन के साथ लिखा कि जीवित रहने के लिए जोखिम उठाने के लिए साहस लगता है, खुश रहने के लिए गट्स लगते हैं, आप लोगों में गट्स हैं, मुझपर विश्वास करिए। हम सब में है, किसी और को कोई और बात बताने मत दीजिए। मैं आपसे प्यार करती हूं। दुग्गादुग्गा।वर्क फ्रंट की बात करें तो सुष्मिता सेन को हाल ही में राम माधवानी द्वारा निर्देशित अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकित सीरीज आर्या के दूसरे सीजन में देखा गया था।

# संश्लेषित तेल से गठिया दर्द में राहत

**बोस्टन** वैज्ञानिकों ने एक ऐसा सिंथेटिक पॉलिमर तैयार किया है जिसका इस्तेमाल जोड़ों के लिए लुब्रिकेंट के रूप से किया जा सकेगा। इससे गठिया के रोगियों को दर्द में बड़ी राहत मिलेगी। यह जानकारी एक अध्ययन में दी गई है। 'बोस्टन यूनिवर्सिटी बायोमेडिकल इंजीनियरिंग' के शोधकर्ताओं ने हड्डियों के जोड़ों के लिए एक नए लुब्रिकेंट का विकास किया है। इससे अस्थिसंधिशोध (आस्टीयोआर्थ्राइटिस) के लाखों पीड़ितों को लंबे समय तक राहत मिल सकेगी। नया सिंथेटिक पॉलिमर हड्डियों के जोड़ों में प्राकृतिक रूप से मौजूद 'साइनोवायल द्रव' का पूरक होगा। इस रोग के लिए जो अभी इलाज उपलब्ध है, उससे यह कहीं बेहतर काम करेगा। प्रोफेसर मार्क डब्ल्यू. ग्रीननस्टाफ (बीएमई, एमएसई, रसायन) के मुताबिक, हड्डियों के लिए मौजूदा पूरक द्रव से पीड़ितों को तो मामूली राहत मिलती है, लेकिन यह हड्डियों की उपास्थि की सतह का क्षरण रोकने के लिए वाजिब मात्रा में लुब्रिकेंट मुहैया नहीं करा पाता। इन दोनों उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ग्रीनस्टाफ (बेथ इजरायल डिकानेस मेडिकल सेंटर), आर्थोपेडिक सर्जन ब्रायन स्नाइडर (हावर्ड मेडिकल स्कूल) और बोस्टन यूनिवर्सिटी के रसायन और इंजीनियरिंग के छात्रों की टीम ने प्रथम सिंथेटिक साइनोवायल द्रव का विकास किया। उन्होंने इस अनोखे पॉलिमर और उसके कार्य निष्पादन को 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन केमिकल सोसायटी' में प्रकाशित किया है। ग्रीनस्टाफ ने कहा कि जब हमने इस नए पॉलिमर का इस्तेमाल किया, तो दो उपास्थि के बीच घर्षण कम हो गया। इससे इनका क्षरण कम हुआ। यह एक तरह से हड्डियों के जोड़ों के लिए तेल है।



# डिप्रैशन बनाए गोल्डन एज में ओल्ड



**पिछल** कुछ सालों में बेशक महिलाओं ने बहुत प्रगति की है और उनकी प्रोफैशनल पोजीशन में भी काफी परिवर्तन आया है लेकिन इसी के साथ उनकी टैंशन भी बढ़ गई है। इसी का नतीजा है कि 40 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाओं में डिप्रैशन भी डबल होने लगा है। वुमन हैल्थ पर हुई एक स्टडी में पता लगा है कि घरेलू और प्रोफैशनल काम के डबल होने की वजह से पुरुषों के मुकाबले महिलाएं डिप्रैशन का शिकार ज्यादा होती हैं।

**मैरिड वुमन–** स्टडी के अनुसार हर जगह खुद को परफैक्ट साबित करने के चक्कर में दूसरों ने नहीं बल्कि महिलाओं ने भी खुद से काफी उम्मीदें लगा ली हैं और इनके पूरे न हो पाने का नतीजा होता है डिप्रैशन क्योंकि प्रत्येक महिला मल्टी-टास्कर बनकर हर जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभाना चाहती है। जाहिर है ऐसे में उसके पास अपने लिए बिल्कुल भी वक्त नहीं बचता। इसके अलावा महिलाएं अक्सर हार्मोनल इम्बैलेंस का शिकार होती हैं जिस वजह से उन्हें मूड स्विंग की प्रॉब्लम भी रहती है।

डॉक्टर्स की मानें तो आजकल की शादीशुदा वे महिलाएं जिनके बच्चे भी हैं, उन्हें सबसे ज्यादा स्ट्रैस प्रॉब्लम्स रहती हैं। दरअसल उनके आगे वर्क प्रैशर, इन लॉज की डिमांड्स, सपोर्ट न करने वाला हसबैंड, फाइनांशियल डिफीकल्टीज और बच्चों की हैल्थ व एजुकेशन जैसी तमाम परेशानियां रहती हैं। यही नहीं, अगर कोई महिला लिव इन रिलेशनशिप से हुए ब्रेकअप वाली या फिर डायवोर्स की स्थिति से गुजर रही है तो उस दौरान उसे डिप्रैशन होने के सबसे ज्यादा चांस होते हैं।

**सिंगल वुमन–** इन दिनों मैरिड की अपेक्षा सिंगल रहने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा है। कभी प्रोफैशन तो कभी हालात के चलते अधिकांश युवतियां शादीशुदा लाइफ का रुख नहीं कर पातीं, ऐसे में स्मोक और ड्रिंक करने वाली इस मॉडर्न जैनरेशन की लाइफ में रिलेशनशिप से जुड़ी परेशानियां काफी हद तक देखने को मिलती हैं। कुछ साल पहले तक महिलाओं में एंजाइटी ईटिंग डिसऑर्डर और इनसोम्रिया जैसी प्रॉब्लम्स ज्यादा हुआ करती थीं, हालांकि आज महिलाएं डिप्रैशन और स्ट्रैस को लेकर पहले से ज्यादा अवेयर हुई हैं।

देखा जाए तो युवतियों पर अकादमिक और करियर सहित अनेक बोझ हैं। इस वजह से वे देर से शादी करती हैं लेकिन ज्यादा उम्र तक कुंवारी रहने की वजह से उन्हें ये प्रॉब्लम्स हो जाती हैं। अमूमन 25 से 30 उम्र की तमाम सिंगल वुमन अकेलेपन का शिकार हो जाती हैं क्योंकि अपने लंबे वर्किंग ऑवर्स की वजह से उनके पास रोमांटिक रिलेशनशिप या शादी के लिए वक्त ही नहीं होता। इसके अलावा जंक फूड खाने, हैल्दी फूड अवॉइड करने और एक्सरसाइज की कमी तथा नींद पूरी नहीं कर पाने की वजह से उनकी फिजिकल हैल्थ पर भी बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा जॉब की तलाश में अपनी फैमिली व फ्रैंड्स से दूर बड़े शहरों का रुख करने वाली लड़कियों में भी डिप्रैशन होने के चांसेज ज्यादा रहते हैं।

**बैलेंस रखें–** इसमें कोई दो राय नहीं कि भारतीय महिलाएं काम और घर के बीच पिसती हैं। इस वजह से उन्हें कहीं न कहीं डिप्रैशन हो जाता है। एक वक्त में उन पर तमाम तरह के प्रैशर हावी रहते हैं। इनमें काम व दूसरों से बेहतर दिखने का प्रैशर मुख्य है जिससे महिलाएं आसानी से डिप्रैशन का शिकार हो जाती हैं। इसके अलावा लुक एवं फिगर यदि अच्छी नहीं है तो भी उनमें हीन भावना के चलते डिप्रैशन के चांस ज्यादा रहते हैं।



देखा जाए तो युवतियों पर अकादमिक और करियर सहित अनेक बोझ हैं। इस वजह से वे देर से शादी करती हैं लेकिन ज्यादा उम्र तक कुंवारी रहने की वजह से उन्हें ये प्रॉब्लम्स हो जाती हैं। अमूमन 25 से 30 उम्र की तमाम सिंगल वुमन अकेलेपन का शिकार हो जाती हैं क्योंकि अपने लंबे वर्किंग ऑवर्स की वजह से उनके पास रोमांटिक रिलेशनशिप या शादी के लिए वक्त ही नहीं होता। इसके अलावा जंक फूड खाने, हैल्दी फूड अवॉइड करने और एक्सरसाइज की कमी तथा नींद पूरी नहीं कर पाने की वजह से उनकी फिजिकल हैल्थ पर भी बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा जॉब की तलाश में अपनी फैमिली व फ्रैंड्स से दूर बड़े शहरों का रुख करने वाली लड़कियों में भी डिप्रैशन होने के चांसेज ज्यादा रहते हैं।

**इन पर भी दें ध्यान–** आजकल हर एक लड़की यंग और ब्यूटीफुल दिखने के लिए पतली कमर चाहती है। ऐसे में मोटी और खराब फिगर वाली लड़कियों का तनावग्रस्त होना भी स्वाभाविक है। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि आज के लाइफ स्टाइल में प्राब्लम्स तो रहेंगी ही परन्तु तनाव से बचने के लिए महिलाओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले तो लाइफ में अपना उद्देश्य निर्धारित करें परंतु स्वयं पर उम्मीदों का बोझ न लादें और इमोशनल क्राइसिस में प्रोफैशनल्स की मदद लें।

# बच्चों की शिक्षा में मां और बाप की भागीदारी जरूरी



**बच्चे** के सहज और स्वाभाविक विकास के लिए स्कूल एक महत्वपूर्ण स्थान है। बच्चा स्कूल के माहौल में ही अपने दूसरे साथियों के साथ तालमेल बिठाना सीखता है। उसकी स्वयं की छवि भी स्कूल में जाकर ही बनती है। वहीं पर उसे अपनी कार्यक्षमता का अहसास भी होता है। बच्चे के लिए घर से बाहर की पहली दुनिया स्कूल ही होती है। आमतौर पर होता यह है कि बच्चे को स्कूल भेजने के बाद कई बच्चों के माता-पिता स्वयं को तमाम जिम्मेदारियों से मुक्त मान लेते हैं। उन्हें लगता है कि बच्चा अब सिर्फ स्कूल की जिम्मेदारी बन गया है। कई बार देखने में आता है कि बच्चों की शिक्षा में माता-पिता जितनी रूचि लेते हैं उसका खासा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ता है। जिन बच्चों के माता-पिता बच्चों के स्कूल से लौट कर आने के बाद उनकी डायरी देखते हैं, समय-समय पर उनका होमवर्क करवाते हैं वे बच्चे पढ़ाई में अपेक्षाकृत ज्यादा अच्छे निकलते हैं।

बच्चे के स्कूल से लौट कर घर आने के बाद मां की जिम्मेदारी बनती है कि वह बच्चे के गुजरे छोटे से छोटे अनुभव के साथ अपनी साझेदारी करे ताकि बच्चा उस माहौल में ढल सके। आमतौर पर देखने में आता है कि बच्चा स्कूल से घर लौट कर आने के बाद गंदे हाथों से ही कुछ भी खा पी कर अपने दूसरे भाई-बहनों के साथ खेलने में लग जाता है और दूसरे दिन जब स्कूल जाने का समय होता है तो उसे अपने अधूरे होमवर्क और गंदी यूनीफार्म में ही बेमन से स्कूल जाना पड़ता है। बच्चा जब स्कूल से लौट कर आए तो मां को इसके लिए पहले से ही पूरी तैयारी रखनी चाहिए। बच्चे के आने के बाद उसके हाथ-मुंह धुला कर, उसकी यूनीफार्म बदल कर उसे दोपहर का खाना खिलाना चाहिए। बच्चा स्कूल से लौट कर आने के बाद सबसे महत्वपूर्ण स्वयं को ही समझता है। बच्चे के खाना खाने के दौरान ही उसके स्कूल में उसके साथ क्या कुछ गुजरा, विषय पर उससे पूछा जा सकता है। कामकाजी माता-पिता के बच्चे अकसर स्कूल से लौटने के बाद या तो क्रेच में जाते हैं या फिर घर में आने के बाद घरेलू नौकरों या दादा-दादी के संरक्षण में रहते हैं। ऐसे बच्चों के माता-पिता भले ही दोपहर में न सही लेकिन शाम को आफिस से लौटने के बाद या फिर रात के खाने के समय उसके स्कूल के अनुभवों के बारे में पूछ सकते हैं। अकसर स्कूल में शिक्षकों की शिकायत रहती कि कामकाजी महिलाएं अपने बच्चों का पूरा ध्यान नहीं रखतीं जिससे ऐसी माताओं को अपराधबोध महसूस होता है। उन्हें इस अपराधबोध से थोड़ा उबरना पड़ेगा। ऐसी महिलाओं को चाहिए कि वह चाहे जहां कहीं भी हों लेकिन बच्चे के स्कूल से आते ही कम से कम उससे फोन पर तो बात कर ही लें। ध्यान रखें कि आप जो भी समय बच्चे को दे रहे हैं उसकी उपयोगिता हो। यह जरूरी नहीं है कि बच्चे के सामने हर समय मौजूद रहें। लेकिन आपके बच्चे के मन में आपकी मौजूदगी सदा बनी रहे, इसके लिए प्रयास जरूर करें।

# शाम में लगाए गहरे रंग की लिपस्टिक

**वैसे** तो होठों की प्राकृतिक बनावट को बदला नहीं जा सकता लेकिन फिर भी कृत्रिम सौंदर्य प्रसाधनों के द्वारा आप काफी हद तक होठों को सुंदर आकार प्रदान कर चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। होठों की सुंदरता बढ़ाने में लिपस्टिक का खास महत्व है। महिलाएं लिपस्टिक का प्रयोग तो करती हैं लेकिन ज्यादातर को सही प्रयोग करना नहीं आता है। कामकाजी महिलाएं बिना लिपस्टिक के काम पर जाना पसंद नहीं करती हैं क्योंकि लिपस्टिक उनके सौंदर्य में चार चांद लगाने वाला सौंदर्य प्रसाधन है। इसलिए यह बहुत जरूरी हो जाता है कि होठों के सौंदर्य को बढ़ाने में लिपस्टिक का सही प्रयोग किया जाए। आमतौर पर महिलाएं यह नहीं देखतीं कि उनके ऊपर कौन से रंग की लिपस्टिक अच्छी लगेगी। यदि आपका रंग सांवला या काला है तो काफी ब्राउन, सामान्य भूरा, लाल, चेरी और पिंक शेड की लिपस्टिक न केवल आप पर सुंदर लगेगी अपितु आपको आकर्षक भी बनाएगी। कई रंगों की लिपस्टिक नहीं मिलती जैसे पीली, हरी, सफेद, नीली, ऐसी स्थिति में यदि आप कपड़ों से मैचिंग लिपस्टिक लगाना चाहें तो यह मुश्किल है। इसलिए रंगों से मेल खाती लिपस्टिक लगाई जा सकती है। जैसे पीले वस्त्रों के साथ लाल रंग की, सफेद वेषभूषा के साथ लाल, चेरी, पिंक, ब्राउन, नीले, फीरोजी, हरे व अन्य रंगों के लिए बेहतर होगा कि आपकी त्वचा से मेलखाती लिपस्टिक का प्रयोग किया जाए। यदि आप लिपस्टिक और नेल पालिश एक ही रंग की प्रयोग में लाएं तो आपका सौंदर्य और भी



निखर उठेगा। लिपस्टिक लगाते समय होठों की संरचना का भी ध्यान रखना चाहिए। यदि आपके होंठ मोटे हैं और चेहरे पर अच्छे नहीं लगते तो आप पहले लिपस्टिक ब्रश द्वारा होठों की रूपरेखा बनाएं ताकि जरा सी भी लिपस्टिक बाहर की ओर फैल कर होठों को मोटा न दिखने दें। होठों के दोनों ओर सिरों पर थोड़ी पतली-पतली रेखा बाहर निकालें। इससे होंठ पतले लगेंगे। यदि आपके होंठ पतले हैं तो फिर कहना ही क्या? पतले व छोटे होंठों के लिए ब्रश से धनुषाकार आकृति देते हुए आगे बढ़ाएं। ऐसा करने से होंठ बहुत आकर्षक लगेंगे। अगर आपका ऊपर का होंठ पतला व नीचे का मोटा है तो ऊपर के होंठ पर लिपस्टिक थोड़ी बाहर की तरफ से लगाएं। निचले होंठ पर थोड़ी ऊपरी तरफ से लगाएं ताकि होंठ पतला लगे। गरमी के मौसम में दिन के वक्त हल्के रंग की लिपस्टिक या फिर प्राकृतिक रंग की लिपस्टिक लगानी चाहिए। यदि आप सिर्फ लिपग्लास का ही इस्तेमाल करें तो भी उपयुक्त लगेगा। परन्तु यदि शाम का समय है तो लिपस्टिक थोड़े गहरे रंग की लगा सकती हैं लेकिन ज्यादा गहरी नहीं। सर्दी के मौसम में सुबह से दोपहर तक सामान्य गहरी और शाम को अधिक गहरे रंग की लिपस्टिक लगाई जा सकती है। घर आने पर लिपस्टिक पोंछ कर साफ कर देनी चाहिए। सोने से पहले हमेशा लिपस्टिक साफ करनी चाहिए। होठों को कभी भी रगड़ना नहीं चाहिए। पहले होठों पर कोल्ड क्रीम या क्लीजिंग मिल्क का इस्तेमाल करें। इसके लिए साफ रुई का फाहा लेकर क्रीम या क्लीजिंग मिल्क लगाकर हल्के हाथ से लिपस्टिक को साफ करें। फिर होठों पर मलाई, घी या वैसलीन लगाकर सो जाएं। इससे न तो होंठ फटेंगे और न ही काले पड़ेंगे। लिपस्टिक लगाने के लिए लिपस्टिक ब्रश का इस्तेमाल करें। पहले ब्रश पर लिपस्टिक लगा लें। फिर ऊपर के होंठ के बीच से होंठ के बाहरी तरफ दोनों कोनों तक लिपस्टिक लगाएं। फिर नीचे के होंठ की आउटलाइन बनाएं। उसके बाद ब्रश से ही होठों के अंदर लिपस्टिक भर दें। 2 मिनट बाद टिशू पेपर को होठों के बीच में रख कर दबाएं। इससे होठों पर फालतू लिपस्टिक को टिशू पेपर सोख लेगा। इसके बाद अपनी इच्छानुसार लिपस्टिक के ऊपर लिपग्लास लगा सकती हैं। वैसे लिपग्लास का प्रयोग शाम के समय या किसी उत्सव, त्यौहार अथवा फिर पार्टी के मौके पर ही करना ठीक रहता है।

# हृदय के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है अंगूर

**दुनिया** में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसे अंगूर पसंद न हों। द्राक्ष, रसाला, मधुफला, फलोत्रमा आदि नाम अंगूर के ही हैं। मीठे, रसीले और ठंडक प्रदान करने वाले इस फल का जन्म स्थल रूस के आरमेनिया नामक स्थान को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि कि ईरान तथा अफगानिस्तान से होता हुआ यह फल भारत में भी पहुंचा। यह फल केवल ताजा नहीं बल्कि सुखाकर किशमिश व मुनक्के के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शराब बनाने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है। बाजार में अंगूर की बहुत सी किस्में उपलब्ध हैं। जैसे रंग के आधार पर अंगूर की दो किस्में हैं काले तथा हरे अंगूर। कुछ अंगूरों का आकार लम्बा होता है तो कुछ का गोल। इसी प्रकार छोटे और बड़े अंगूर भी पाए जाते हैं। कुछ अंगूरों में बीज होते हैं जबकि बेदाना में बीज नहीं होते। हालांकि इनमें प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज लवण बहुत ही कम मात्रा में होते हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट शर्करा के रूप में पाया जाता है इसमें ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज किस्म की शर्करा पाई जाती है इसी कारण इनका सेवन काफी स्फूर्तिदायक सिद्ध होता है। दूसरी और किशमिश में शर्करा की मात्रा अंगूर से ज्यादा होती है इससे उसमें मिलने वाली ऊर्जा की मात्रा भी ज्यादा है। ताजा अंगूरों की सौ ग्राम मात्रा से जहां लगभग सत्तर कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है वहीं किशमिश की इतनी ही मात्रा से लगभग तीन सौ आठ कैलोरी ऊर्जा की प्राप्ति होती है। अंगूर हमारे स्वास्थ्य का भी रक्षक होता है। अंगूर को सुखाकर तैयार की जाने वाली मेवा किशमिश तथा बड़े बीज वाले अंगूर को सुखाकर तैयार किया जाने वाला मुनक्का दोनों ही बहुत लोकप्रिय हैं। इनके विविध औषधीय प्रयोग किए जाते हैं। आयुर्वेदिक तथा यूनानी दवाओं में अक्सर इनका प्रयोग किया जाता है। कफ, दुर्बलता तथा कब्ज को दूर करने के लिए इनका प्रयोग फायदेमंद होता है। इसके लिए पंचामृत अवलेह नामक मिश्रण तैयार किया जाता है। इसे बनाने के लिए एक-एक भाग सोंठ, पीपल, काली मिर्च तथा सेंधा नमक मिलाकर पीस लें। फिर उसमें चालीस भाग मुनक्का मिलाकर उसका सेवन करें। आमतौर पर इसकी एक छोटी चम्मच मात्रा का सुबह-शाम प्रयोग पर्याप्त होता है।



कब्ज, कफ तथा मंदाग्नि में इससे आशातीत लाभ होता है। यकृत (लीवर) तथा किडनी के रोगों में भी अंगूर तथा किशमिश का प्रयोग लाभकारी होता है। सभी प्रकार के बुखारों तथा क्षय रोग (टीवी) के समय शरीर को अधिक ऊर्जा व बल की जरूरत होती है ऐसे अंगूर का सेवन करना श्रेष्ठ होता है। यों तो अंगूर के रस को संरक्षित कर बोतलों में रखा जा सकता है परन्तु ऐसा करने से आप उससे प्राप्त होने वाले फाइबर (रेशे) से वंचित हो जाएंगे। शर्करा की मात्रा अधिक होने के कारण अंगूरों का खमीरीकरण करके अच्छी किस्म की मदिरा भी तैयार की जाती है। अंगूरों की तासीर ठंडी होती है। सेवन करने पर ये शीतलता प्रदान करते हैं अतः दाह तथा हॉट फ्लशज के उपचार के लिए इनका प्रयोग किया जा सकता है।

इधर परीक्षण यह बताते हैं कि अंगूर जीवनदायी गुणों से भरपूर है। हृदय की सुरक्षा में ताजे अंगूरों का बहुत महत्व है। ताजा अंगूरों में पालिफिनाल नामक तत्व होता है जो हमारे हृदय के लिए फायदेमंद होता है। रेडवाइन की तरह ताजा अंगूर भी रोगियों के हृदय तथा धमनियों को आक्सीडेशन से होने वाले नुकसान से बचाता है। अंगूर तथा वाइन दोनों में एक जैसे पॉलीफिनोल पाए जाते हैं। केटेचिन्स, रेसवेराट्रोल, एंथोसायेनिन तथा क्वेरसिटिन जैसे पॉलीफिनोल, जो अंगूरों में भी पाए जाते हैं, वास्तव में सभी बीमारियों से लड़ने वाले फाइटोन्यूट्रिएंट हैं जो हमारे हृदय के मददगार साबित होते हैं। अंगूरों में उपस्थित पॉलिफिनोल दो प्रकार से एटी आक्सिडेंट की भूमिका निभाते हैं। पहले ये फ्री-रेडिकल्स को निष्क्रिय कर देते हैं फिर आक्सीजन के एक बाय-प्रोडक्ट मेलोडायएल्डीहाइड के बनने की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं। ये सभी स्थितियां हृदय के लिए आदर्श होती हैं। अंगूर के उत्पाद तो फायदेमंद होते ही हैं, अंगूर भी हृदय का बचाव करने में अव्वल हैं। अंगूरों का सेवन, हार्ट अटैक के बाद



आश्चर्यजनक लाभ देता है। परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि अंगूरों के सेवन से न केवल रोगी के खून के दबाव में सुधार आता है बल्कि हृदय के खून पम्प करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। यही नहीं हार्ट अटैक के बाद मृत होने वाले हिस्से अथवा जिस हिस्से को नुकसान पहुंचा हो, का क्षेत्र भी काफी घट जाता है।

इसी प्रकार अंगूर का जूस एलडीएल के आक्सीकरण को रोकता है और खून के थक्के बनने की प्रवृत्ति को कम करता है। अब जबकि इस छोटे, रसीले और गुच्छों में लगने वाले फल के इतने अधिक फायदे उजागर हो चुके हैं, इसे सिर्फ एक सजावटी टेबल फ्रूट समझना उचित नहीं क्योंकि अंगूर जीभ के स्वाद के साथ-साथ आपके हृदय का भी ख्याल रखते हैं इसलिए इन्हें आसानी से आपके दिल का मददगार कहा जा सकता है।

# आई लीग पर कोरोना का साया, कम से कम सात खिलाड़ी पॉजिटिव

**एजेंसी ■ कोलकाता**



आई लीग फुटबॉल बुधवार को कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गया जब विभिन्न टीमों के कई खिलाड़ी बायो बबल (जैविक रूप से सुरक्षित माहौल) में रहने और खेलने के बावजूद पॉजिटिव पाए गए। समझा जाता है कि दस से अधिक लोग संक्रमित पाए गए हैं जिनमें कम से कम सात खिलाड़ी हैं। रीयल कश्मीर एफसी के पांच, मोहम्मद स्पोर्टिंग और श्रीनिधि डेक्कन एफसी का एक एक खिलाड़ी मंगलवार को हुई जांच में पॉजिटिव पाया गया है। लीग के एक सूत्र ने बताया, रीयल कश्मीर के पांच खिलाड़ी और तीन अधिकारी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग तथा श्रीनिधि डेक्कन एफसी का एक एक खिलाड़ी पॉजिटिव पाया गया है। कोरोना के ए मामले नोवोटेल होटल से आए हैं जिसे आयोजकों ने रविवार से शुरू हुई फुटबॉल लीग के तीन बायो बबल में से एक बनाया है। आरकेएफसी, श्रीनिधि डेक्कन और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के अलावा राजस्थान यूनाईटेड, आइजोल एफसी और नेरोका की टीम भी इसी होटल में रुकी हैं। लीग को जारी रखने या निलंबित करने पर फैसला करने के लिए लीग समिति की आपात बैठक बुलाई गई है। आईलीग के सीईओ सुनंदो धर ने कहा, लीग समिति की आपात बैठक शाम चार बजे होगी जिसमें भविष्य की कार्वाई पर फैसला किया जाएगा। खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा सर्वोच्च है। धर ने हालांकि पॉजिटिव मामलों की असल संख्या का खुलासा नहीं किया। लीग के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया गया, आईलीग टीम के बीच कुछ पॉजिटिव मामले पाए गए हैं। लीग ने मामले पर करीबी नजर रखी हुई है और क्लब से बात की जा चुकी है। इसके अलावा लीग समिति की आपात बैठक दोपहर के समय बुलाई गई है। आगे की जानकारी जल्द दी जाएगी। इस साल आईलीग में 13 टीम हिस्सा ले रही हैं और मुकाबलों का आयोजन तीन स्थलों कोलकाता में मोहन बागान ग्राउंड, कल्याणी में क्ल्याणी स्टेडियम और नैहाटी में नैहाटी स्टेडियम पर हो रहा है। आरकेएफसी के मालिक संदीप चट्टू ने स्वीकार किया कि उनके कुछ खिलाड़ी पॉजिटिव पाए गए हैं लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने खिलाड़ी संक्रमण की चपेट में आए हैं। उन्होंने कहा, हां, आरकेएफसी में भी कुछ पॉजिटिव मामले आए हैं, सभी (छह) टीमों के खिलाड़ियों के संक्रमित होने का संदेह है। लेकिन लीग आयोजकों या एआईएफएफ ने अब तक हमें आधिकारिक रूप से नहीं बताया है। संदीप ने कहा, 21 दिसंबर को एक दौर का परीक्षण हुआ और मेरे सभी खिलाड़ी नेगेटिव थे। ए नवीनतम परीक्षण कल हुए थे। उन्होंने कहा कि कुछ मैच स्थगित हो सकते हैं लेकिन उम्मीद जताई कि आईलीग जारी रहेगी। बुधवार को आईलीग में किसी मैच के आयोजन का कार्यक्रम नहीं है। श्रीनिधि डेक्कन, मोहम्मडन स्पोर्टिंग, नेरोका और आइजोल एफसी को गुरुवार को मैच खेलने हैं जबकि आरकेएफसी का अगला मुकाबला शुक्रवार को होना है। सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों को अपने होटल में छह दिन तक पृथकवास में रहना होगा। इन छह दिनों के दौरान उनका दो बार परीक्षण होगा।

## एक नजर

### गांगुली की हालत स्थिर, आक्सीजन का स्तर 99 प्रतिशतः अस्पताल

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की हालत स्थिर बनी हुई है। गांगुली का जिस अस्पताल में उपचार चल रहा है उसने बुधवार को यह जानकारी दी। कोविड-19 के लिए आरटी-पीसीआर परीक्षण का नतीजा पॉजिटिव आने के बाद गांगुली को एहतियात के तौर पर सोमवार रात शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वुडलैंड्स अस्पताल की महनिदेशक और सीईओ डॉ. रूपाली बासु ने कहा, अस्पताल में भर्ती होने के दूसरे दिन बीसीसीआई अध्यक्ष और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली की हृदयगति स्थिर (हायमोडायनामिकली स्टेबल) है, उन्हें बुखार नहीं है और बिना कृत्रिम सहायता के शरीर में आक्सीजन का स्तर 99 प्रतिशत बना हुआ है। उन्होंने कहा, कल रात उन्होंने अच्छी नींद ली और आज नाश्ता तथा दोपहर का भोजन किया। गांगुली को सोमवार रात मोनोक्लोनल एंटीबॉडी कॉकटेल थेरेपी दी गई थी। बयान के अनुसार, मेडिकल बोर्ड उनके स्वास्थ्य पर करीबी नजर रखे हुए है। गांगुली को इस साल पहले भी दो बार अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है और उनकी एंजियोप्लास्टी भी हुई थी। इसी साल उनके बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली भी कोविड पॉजिटिव पाए गए थे।

### इंग्लैंड को चयन समिति फिर बहाल करनी चाहिए : इयान बेल

**मेलबर्न।** एशेज श्रृंखला में करारी हार के मद्देनजर पूर्व बल्लेबाज इयान बेल का मानना है कि इंग्लैंड को टीमों के चयन के लिए पारंपरिक चयन समिति बहाल करनी चाहिए। करीब सौ बरस बाद बदलाव की प्रक्रिया में इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने चयन समिति खत्म कर दी। तीन साल तक पद पर रहने के बाद अप्रैल में एड स्मिथ आखिरी मुख्य चयनकर्ता के रूप में विदा हुए। उसके बाद से मुख्य कोच क्रिस सिल्वरहुड राष्ट्रीय टीमों का चयन कप्तान जो रूट और इयोन मोर्गन की सलाह से करते हैं। बेल ने स्पोटर्स डे से कहा, मुझे चयन समिति खत्म करने का फैसला काफी कठोर लगा। क्रिस सिल्वरहुड मुख्य कोच और चयनकर्ता भी हैं।

## टेस्ट

### टेस्ट छोड़ने से पहले 2023 एशेज और भारत में श्रृंखला जीतना चाहते हैं वॉर्नर

**एजेंसी ■ मेलबर्न**



आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने से पहले इंग्लैंड में 2023 एशेज श्रृंखला जीतना और भारत को उसकी सरजमीं पर हराना चाहते हैं। एशेज श्रृंखला में 12 दिन के भीतर 3 . 0 से बढत बनाने के बाद 35 वर्ष के वॉर्नर ने स्वीकार किया कि उनका काम अभी पूरा नहीं हुआ है। वॉर्नर इस साल टी20 विश्व कप में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे थे और आस्ट्रेलिया ने पहली बार खिताब जीता था। उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, हमने अभी भारत को भारत में नहीं हराया है। हम ऐसा करना चाहेंगे। इंग्लैंड में 2019 में श्रृंखला ड्रॉ रही थी लेकिन उम्मीद है कि अगली बार हम जीतेंगे। इंग्लैंड में तीन श्रृंखलाओं में 13 और भारत में दो श्रृंखलाओं में आठ टेस्ट खेल चुके वॉर्नर का दोनों देशों में खराब रिकॉर्ड रहा है।उन्होंने क्रमशः 26 और 24 की औसत से रन बनाए और एक भी शतक नहीं जमा सके। अगली एशेज श्रृंखला तक वह 37 वर्ष के हो जाएंगे लेकिन उम्र उनके लिए महज एक आंकड़ा है। उन्होंने कहा, जेम्स एंडरसन ने उम्रदराज खिलाड़ियों के लिए मानदंड कायम कर दिए हैं। मैं अपनी ओर से रन बनाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहता। मैं फॉर्म में हूं। नए साल में एक बड़ी पारी का इंतजार है।

# भारत ने दिया दक्षिण अफ्रीका को 305 रन का लक्ष्य और पहला झटका

**एजेंसी ■ सेंचुरियन**



भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 305 रन का मुश्किल लक्ष्य देने के बाद शुरू में ही उसे एक झटका देकर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन बुधवार को यहां चाय के विश्राम तक अपना पलड़ा भारी रखा। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चार सत्र से अधिक समय में 300 से अधिक रन बनाने की चुनौती दी। भारत ने पहली पारी में 327 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को 197 रन पर आउट करके 130 रन की बढ़त हासिल की थी। सेंचुरियन में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकार्ड इंग्लैंड के नाम पर है जिसने 2000-01 में चौथी पारी में 251 रन बनाकर जीत दर्ज की थी। दक्षिण अफ्रीका ने चाय के विश्राम तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 22 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 283 रन पीछे है। मोहम्मद शमी ने जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद संभाली और अपनी तीसरी गेंद पर ही एडेन मार्कराम (एक) को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीकी खेमे में कड़ा संदेश भेजा। चाय के विश्राम के समय कप्तान डीन एल्गर नौ और कीगन पीटरसन 12 रन पर खेल रहे थे। भारत की तरफ से दूसरी पारी में ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि उसके बाद दूसरा बड़ा स्कोर अतिरिक्त रन (27) का था। दक्षिण अफ्रीका के लिए कैगिसो रबाडा (42 रन देकर चार), मार्को जेनसन (55 रन देकर चार) और लुंगी एनगिडी (31 रन देकर दो) ने विकेट लिए। भारत ने सुबह एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलते हुए पहले सत्र में टिककर बल्लेबाजी की। इस बीच उसने 63 रन जोड़े तथा नाइटवाचमैन शार्दुल ठाकुर (10) और पहली पारी के शतकवीर केएल राहुल (74 गेंदों पर 23 रन) के विकेट गंवाए। उसने अपने बाकी बचे सात विकेट दूसरे सत्र में गंवाए और इस बीच 95 रन जोड़े। राहुल ने ऑफ स्टंप से बाहर की कई गेंदों को छोड़ा। इस बीच एनगिडी की तेजी से उठती एक गेंद उनकी उंगलियों पर लगी जिसके लिए उन्हें चिकित्सा मदद लेनी पड़ी। इससे उनकी एकाग्रता भंग हुई और एनगिडी की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर उन्होंने पहली स्लिप में खड़े एल्गर को कैच दे दिया। कप्तान विराट कोहली (18) अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन लंच के बाद पहली गेंद पर ढीला शॉट खेलकर उन्होंने जेनसन को अपना विकेट इनाम में दिया। रन बनाने के लिए जूझ रहे चेतेश्वर पुजारा (64 गेंदों पर 16) का पहले सत्र में एनगिडी की गेंद पर रबाडा ने शार्ट मिडविकेट पर उनका आसान कैच छोड़ा था। पुजारा इसका फायदा नहीं उठा पाए और इसी गेंदबाज की लेग साइड की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर क्विंटन डिकॉक के सुरक्षित हाथों में चली गई।

अजिंक्य रहाणे (20) ने जेनसन की लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्का जड़कर अपना आत्मविश्वास दिखाया लेकिन इसी गेंदबाज की शार्ट पिच गेंद पर उनका हुक नियंत्रित नहीं था जिसे रॉसी वान डर डुसेन ने बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर आसानी से कैच किया। रविचंद्रन अश्विन (14) एक बार डीआरएस के सहारे क्रीज पर टिके रहे लेकिन दूसरे अवसर पर तीसरे अंपायर का फैसला भी उनके खिलाफ गया। पंत ने अपनी पारी में छह चौके लगाए लेकिन रबाडा की शार्ट पिच गेंद पर पुल करने की अनिश्चितता में वह मिड ऑन पर कैच दे बैठे। इसके बाद भारतीय पारी सिमटने में देर नहीं लगी।

## जोकोविच आस्ट्रेलिया में एटीपी कप से हटे

**एजेंसी ■ सिडनी**



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट से पहले आस्ट्रेलिया में होने वाले एटीपी कप से हट गए हैं। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जोकोविच के हटने का कोई कारण नहीं बताया गया है लेकिन सर्बिया के इस शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी ने हाल के समय महीनों में कोविड-19 टीकाकरण की अपनी स्थिति का खुलासा करने से इनकार किया है। आस्ट्रेलिया के कड़े नियमों के अनुसार सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों और प्रशंसकों का कोविड-19 के खिलाफ पूर्ण टीकाकरण जरूरी है। एटीपी कप के आयोजकों ने टीम के अपडेट में जोकोविच के हटने का खुलासा किया। इस 16 देशों के टूर्नामेंट में आस्ट्रिया की जगह फ्रांस को शामिल किया गया है क्योंकि डोमीनिक थीम और डेनिस नोवाक हट गए हैं। सर्बिया के लिए जोकोविच की जगह दुसान लाजोविच लेंगे। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी रूस के आंद्रे रूबलेव और टीम के उनके साथी अस्लान करात्सेव और एवगेनी डोनस्काय भी टूर्नामेंट से हट गए हैं। एटीपी कप सिडनी में शनिवार से शुरू होगा। आस्ट्रेलिया ओपन के पुरुष वर्ग की प्रविष्टियों की घोषणा दिसंबर की शुरुआत में की गई थी जिसमें 34 साल के जोकोविच को शीर्ष वरीयता दी गई थी जिससे संकेत मिले थे कि वह आस्ट्रेलिया के कड़े नियमों के बावजूद 17 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू हो रहे टूर्नामेंट में खेलेंगे। नौ बार के आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोकोविच के नाम पर रोजर फेडरर और राफेल नडाल के समान पुरुष एकल के रिकॉर्ड 20 ग्रैंडस्लैम खिताब दर्ज हैं।

## आर्टेटा दोबारा कोविड पॉजिटिव, बार्सीलोना में तीन मामले

**एजेंसी ■ लंदन**

आर्सेनल के मैनेजर माइकल आर्टेटा एक बार फिर कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं और नए साल के दिन मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ टीम के प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान अनुपस्थित रहेंगे। आर्सेनल ने बुधवार को यह जानकारी दी। आर्टेटा मार्च 2020 में भी पॉजिटिव पाए गए थे और तब उनके पॉजिटिव नतीजे की लीग के निलंबन में अहम भूमिका थी। आर्टेटा तीसरे प्रीमियर लीग मैनेजर हैं जो कोविड-19 संक्रमण के बाद अभी पृथकवास पर हैं। इससे पहले क्रिस्टल पैलेस के पैट्रिक विएरा और एस्टन विला के स्टीवन गेरार्ड भी पृथकवास पर हैं। अर्सेनल ने कहा, सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार माइकल पृथकवास पर चले गए हैं और हम उनके उबरने की कामना करते हैं। आर्टेटा इससे पहले मैनचेस्टर सिटी के सहायक कोच थे। इस बीच स्पेन में बार्सीलोना ने घोषणा की है कि उसके तीन खिलाड़ी ओसमाने डेम्बेले, सैमुअल उमटिटी और गावी रविवार को मालोर्का के खिलाफ होने वाले लीग मैच से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। बार्सीलोना ने ट्वीट किया, खिलाड़ियों का स्वास्थ्य ठीक है और वे अपने घरों पर पृथकवास पर हैं।

## विश्व रैपिड शतरंज : हम्पी छठे गुकेश नौवें स्थान पर रहे

**एजेंसी ■ वारसॉ (पोलैंड)**

गत चैम्पियन कोनेरू हम्पी अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी और फिडे विश्व रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में महिलाओं के वर्ग में 7 . 5 अंक लेकर छठे स्थान पर रही। ओपन वर्ग में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश नौवें स्थान पर रहे। टूर्नामेंट जीतने वाले उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधा अंक ही आगे थे। गुकेश ने दसवें दौर में इस्राइल के अनुभवी खिलाड़ी बोरिस गेलफांड को हराया। इसके बाद अगले दौर में जॉर्जिया के जोबावा बाडुर को मात दी। उन्होंने अब्दुसत्तोरोव और अलेक्जेंडर ग्रिसचुक से ड्रॉ खेला। दूसरी ओर हम्पी ने रैपिड वर्ग में अलेक्जेंद्रा कोस्तेनियुक के खिलाफ ड्रॉ से शुरूआत की। इसके बाद बुल्गारिया की अंतोआनेता स्टेफानोवा और अजरबैजान की गुलनार मामादोवा से भी ड्रॉ खेला। भारत की आर वैशाली महिला वर्ग में 14वें स्थान पर रही जबकि वंतिका अग्रवाल 38वें और पद्मिनी राउत 49वें स्थान पर रही। ओपन वर्ग में भारत के मित्राभा गुहा 15वें, विदित गुजराती 45वें और हरीश बी 60वें स्थान पर रहे। भारतीयों में सर्वोच्च रैंकिंग वाले पी हरिकृष्णा 99वें स्थान पर रहे।

**क्रिकेट** कप्तानी छोड़ी तब विराट कोहली भारतीय क्रिकेट के बेताज बादशाह बन गए।

# 2021 : किंग कोहली की चमक पड़ी फीकी

## आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत की झोली रही खाली

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट पर विराट कोहली की पकड़ 2021 में ढीली हुई जब आईसीसी टूर्नामेंटों में खिताब नहीं जीत पाने का टीम इंडिया का सिलसिला जारी रहा हालांकि आस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक टेस्ट श्रृंखला जीतने का श्रेय जरूर इसने हासिल किया। महेंद्र सिंह धोनी ने 2017 में जब सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी तब विराट कोहली भारतीय क्रिकेट के बेताज बादशाह बन गए। अगले तीन साल तक उन्हें कोई चुनौती नहीं मिली और उनकी तूती ही बोलती रही। बीसीसीआई में मजबूत प्रशासन के अभाव में कोहली ही फैसले लेने लगे और भारतीय टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए किसी ने ऐतराज भी नहीं जताया हालांकि आईसीसी खिताब जीतने में वे नाकाम रहे। फिर सौरव गांगुली और जय शाह ने 2019 में दुनिया के सबसे शक्तिशाली क्रिकेट बोर्ड की सत्ता की बागडोर संभाली। एक साल तक सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा लेकिन 2020 विश्व कप के बाद कोहली ने टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। उनका वनडे टीम की कप्तानी छोड़ने का कोई इरादा नहीं था लेकिन टूर्नामेंट से भारत की जल्दी रवानगी के बाद यह लगभग तय हो गया था। कोहली से वनडे टीम की कप्तानी छिनी गई जिसके बाद गांगुली और उनके मतभेद उजागर हो गए। दोनों ने एक दूसरे के बयानों का सार्वजनिक तौर पर खंडन किया। सीमित ओवरों की कप्तानी अब रोहित शर्मा को सौंप दी गई। अपने सुनहरे कैरियर में 70 अंतरराष्ट्रीय शतक जमा चुके कोहली को किसी को कुछ साबित नहीं करना है लेकिन दो साल से बतौर बल्लेबाज उनके औसत फॉर्म और बीसीसीआई से मतभेद के बाद अब वह जरूर दिखाना चाहेंगे कि उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज क्यो माना जाता है। टी20 विश्व कप से भारत के जल्दी बाहर होने के साथ ही कोहली और रवि शास्त्री का दौर भी खत्म हो गया। कोहली की अगुवाई वाली टेस्ट टीम की क्षमता पर किसी को संदेह नहीं था लेकिन विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार से निराशा हाथ लगी।

## फुटबॉल

### दूसरी हार से लिवरपूल की खिताब की उम्मीदों को करारा झटका



**एजेंसी ■ लीसेस्टर**

लिवरपूल का हारना और मोहम्मद सालाह का पेनल्टी चूकना, दोनों ही फुटबॉलप्रेमियों को असंभव से लगते हैं लेकिन दोनों बातें इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हुई जिससे खिताब जीतने की लिवरपूल की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। लीसेस्टर ने मंगलवार को खेले गए मैच में लिवरपूल को। . 0 से हराया। शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी अगर बुधवार के मैच में ब्रेंटफोर्ड को हरा देती है तो उसकी बढत नौ अंक की हो जाएगी। सिटी न अभी तक लगातार नौ मैच जीत लिए हैं और पिछले तीन मैचों में 17 गोल दागे। लिवरपूल के स्टार फॉरवर्ड सालाह और सादियो माने अगले सप्ताह अफ्रीकी कप आफ नेशंस खेलने जा रहे हैं। उन्हें अपनी राष्ट्रीय टीमों के साथ देर से जुड़ने की अनुमति दी गई थी ताकि त्यौहार के इस दौर में वे लिवरपूल की जीत में योगदान दे सकें लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सालाह को 16वें मिनट में पेनल्टी मिली लेकिन उनका कमजोर शॉट विरोधी गोलकीपर ने बचा लिया। वह 16 प्रयासों में पहली बार पेनल्टी पर गोल नहीं कर सके।आखिरी बार वह अक्टूबर 2017 में पेनल्टी भुनाने में नाकाम रहे थे। लिवरपूल और चेलसी के 41 अंक हैं और दोनों सिटी से छह अंक पीछे हैं। तीनों टीमों ने 19 मैच खेल लिए हैं। अन्य मैचों में क्रिस्टल पैलेस ने नॉर्विच को 3 . 0 से हराया। वहीं वेस्ट हैम ने वाटफोर्ड को 4 .। से मात दी।